CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत


दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -313 राजनांदगांव, गुरूवार 03 अक्टूबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# इजरायल पर ईरान का मिसाइल अटैक... जी-7 देशों ने बुलाई आपात बैठक, पश्चिम एशिया में जबरदस्त तनाव



यरुशलम। ईरान द्वारा इजरायल पर मिसाइल अटैक के बाद जी-7 देशों ने तनाव कम करने के लिए बुधवार को आपात बैठक बुलाई गई। यह निर्णय इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की अध्यक्षता में जी-7 के अन्य नेताओं के साथ एक तत्काल सम्मेलन के दौरान लिया गया। बातचीत के दौरान, जी-7 के नेताओं ने इजरायल के खिलाफ ईरान के हमले की कड़ी निंदा की। इस बीच भारत ने अपने नागरिकों से ईरान छोड़ने के लिए कहा है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड फोर्स ने दावा किया है कि मंगलवार रात के हमले में इजरायल में खुफिया संगठन मोसाद के मुख्यालय, एफ-35 लड़ाकू विमानों के वायुसेना ठिकाने और अन्य सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। लेकिन इजरायल ने अमेरिका और जार्डन के सहयोग से ईरान के मिसाइल हमले को काफी हद तक विफल कर दिया। कई दायरों वाले डिफेंस सिस्टम के चलते इजरायल तक बहुत कम ईरानी मिसाइलें पहुंच पाईं।

बता दें कि ईरानी हमले से कई घंटे पहले अमेरिका ने इजरायल को ईरान की तैयारियों की खुफिया जानकारी दे दी थी, उसी का नतीजा था कि इजरायल ने अपने सिक्युरिटी एप पर नागरिकों को भूमिगत ठिकानों के नजदीक रहने के लिए सतर्क कर दिया था। इससे पहले 13 अप्रैल को भी ईरान ने इजरायल पर 300 मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया था, उसे भी अमेरिका और जार्डन के सहयोग से इजरायल ने काफी हद तक विफल कर दिया था।

### हिजबुल्ला बोला- इजरायल को खामियाजा भुगतना होगा



हिजबुल्ला ने कहा है कि सीमावर्ती कस्बे मारुन अल-रास में इजरायली सेना से लड़ाई शुरू हो गई है और उसे पीछे धकेल दिया गया है। इतना ही नहीं हिजबुल्ला ने इजरायल के सीमावर्ती सैन्य ठिकानों पर भी राकेट हमले किए हैं। हिजबुल्ला के प्रचार प्रमुख मुहम्मद अफीफ ने कहा है कि लड़ाई अभी शुरू हुई है, हमारे संगठन के पास लड़ाकों, हथियारों और गोला-बारूद की कोई कमी नहीं है, इजरायल को हमले का खामियाजा भुगतना होगा।

### इजरायली सैनिकों और हिजबुल्लाह लड़ाकों जंग

लेबनान से सूचना है कि वहां पर इजरायली सैनिकों और हिजबुल्लाह लड़ाकों के बीच आमने-सामने की लड़ाई शुरू हो गई है। इजरायली सेना के मंगलवार तड़के लेबनान में घुसने के बाद बुधवार को पहली बार यह आमना-सामना हुआ है। इजरायली सेना ने कहा है कि हमलावर दस्तों की मदद के लिए टैंकों और बख्तरबंद वाहनों की अतिरिक्त टुकड़ियां दक्षिणी लेबनान में भेजी गई हैं। इस बीच इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के 24 गांवों में रहने वाले लोगों से इलाका खाली करने के लिए कहा है वहां बने हिजबुल्ला के ठिकानों पर इजरायल के हमले होंगे।

### गाजा में इजरायली हमलों में 74 मरे

गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में इजरायली हमले में 51 लोग मारे गए और 82 घायल हुए हैं। मारे गए लोगों में सात महिलाएं और 12 बच्चे शामिल हैं। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# कांग्रेस की न्याय यात्रा का समापन



### पायलट बोले- सरकार ना समझे कमजोर, कर देंगे नींद हराम

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में 6 दिवसीय न्याय यात्रा निकाली थी। श्री बैज के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा 6वें दिन सड्डू से निकलकर गांधी मैदान में खत्म हुई। इस यात्रा के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट भी राजधानी रायपुर पहुंचे और बीजेपी सरकार जमकर निशाना साधा।

छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि, 10 महीने सरकार के बीत जाने के बाद जो यात्रा निकाली गई है। बीजेपी सरकार कांग्रेस को खत्म करना चाहती है। सब दिल्ली के इशारे से होता है। हमारी गांधी वाली सोच को साय सरकार कमजोर ना समझे। वहीं दीपक बैज ने कहा कि 9 महीने में ये सरकार छत्तीसगढ़ को दूसरा मणिपुर बनाने जा रही है। श्री पायलट ने चेतावनी देते हुए कहा कि, अगर सरकार गरीबों की आवाज नहीं सुनेगी तो कांग्रेस एक और संग्राम छेड़ेगी। हम सरकार की नींद हराम कर देंगे।

### पायलट बोले- छत्तीसगढ़ में महिलाएं नहीं सुरक्षित

श्री पायलट ने आगे कहा कि, स्कूल में बच्चियां, कॉलेज में छात्रा और बस स्टैंड में बहनें सुरक्षित नहीं हैं। भिलाई में गोलियां चल रही हैं और चाकूबाजी हो रही है। उसके बाद रायपुर में कोई ऐसा दिन नहीं जहां, चोरी, डकैती, और मर्डर न हो। कांग्रेस में कोई नेता बड़ा छोटा नहीं और कोई पद-पोस्ट की बात नहीं है। सभी कार्यकर्ता समान हैं। अगर लाठी खाने की नौबत आई तो कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एक साथ लाठी खाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि, दीपक बैज की यात्रा से पूरी पार्टी में एक नई ऊर्जा आई है। कांग्रेसियों ने अपना योगदान दिया है। यात्रा को सफल बनाने के लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। पायलट ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं की ताकत से हमें शक्तियां मिलती हैं।

### बैज बोले- सरकार की नाकामी को जनता तक पहुंचाया

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि, छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का मकसद छत्तीसगढ़ की जनता की हक की लड़ाई लड़े और सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाया। इस 9 महीने की सरकार ने छत्तीसगढ़ को जलने में मजबूर कर दिया और छत्तीसगढ़ को दूसरा मणिपुर बनाने जा रहा है। 9 महीने की सरकार में लगातार लूट, चोरी, हत्या, डकैती, चैन स्नैचिंग और छोटी बच्ची से लेकर माता, बहने सुरक्षित नहीं है। शाम 6 बजे के बाद घर से निकलने में माता बहने दहशत में है। 6 दिन की यात्रा में गांव वाले से चर्चा किए, छोटे बच्चे, बुजुर्गों और सभी लोगो से मिले और देखा लेकिन गांव वाले के चेहरे में कोई चमक नहीं है।

### कांग्रेस की सरकार में झीरम जैसी घटना हुयी है क्या?

श्री बैज ने मुख्यमंत्री से पूछा क्या पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में झीरम जैसी घटना हुई है क्या? क्या आदिवासी का 200 घर जला है क्या? झलियामारी जैसी घटना हुई क्या? बलौदाबाजार जैसे कलेक्टर एसपी ऑफिस जला क्या? कवर्धा में हुये 3 बेटो की हत्या हुई क्या? भाजपा की सरकार में बस्तर के बेटा राजधानी रायपुर में सुरक्षित नहीं है, अंबिकापुर और सूरजपुर का बेटा रायपुर में सुरक्षित नहीं है, माता बहने बस स्टैण्ड में सुरक्षित नहीं है, निर्दोष आदिवासी की फर्जी एनकाउंटर किस की सरकार में हुई और निर्दोष आदिवासियों को जेल भेजने का काम सरेंडर करने का काम किसके सरकार में हुई।


### सिंहदेव बोले- बस्तर में हो रही फर्जी मुठभेड

पूर्व उपमुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को आम जनता का विश्वास फिर से हासिल करना है कांग्रेस पार्टी जनता के साथ खडी है। जिस-जिस राज्य में डबल इंजन की सरकार है वहां बिजली के दर सबसे ज्यादा है। भाजपा के सरकार आते ही आम जनता के जेब से पैसा निकालने का काम किया, स्कूलो को बंद करने का काम भाजपा की सरकार ने किया। बस्तर में फर्जी मुठभेड हो रहे है। सरगुजा में चोरी, डकैती हो रहा है। रायपुर में चाकूबाजी हो रहा है। जहां से गृहमंत्री प्रतिनिधित्व करते है तीन लोगो की निर्मम हत्या हो जाती है। गुरु घासीदास के स्तंभ को काटकर गिरा दिया जाता है पर सरकार आज तक पता नही कर पाई कि यह सब किसने किया। एसपी और कलेक्टर के कार्यालय जलते है वह अपनी सुरक्षा नही कर सकते तो छत्तीसगढ़ की नागरिको के क्या करेंगे। यह छत्तीसगढ़ का हाल है। कांग्रेस न्याय यात्रा को भरपूर जनसमर्थन मिला है।

### बघेल बोले- छत्तीसगढ़ में सुशासन हुआ तार-तार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, इस यात्रा से भारतीय जनता पार्टी घबराई हुयी है और सवाल पूछ रही है कि हमारी सरकार को 1 साल भी नहीं बीता 9 महीने हुआ है 10वां चल रहा है। भाजपा ने स्लोगन दिया कि विष्णु का सुशासन और 9 महीने में विष्णु का सुशासन तार-तार हो गया हैं। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# पीएम मोदी का हजारीबाग दौराः पीएमजेयुजीए योजना का किया शुभारंभ



### कहा- आदिवासियों के विकास से ही देश मजबूत होगा

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर को झारखंड के हजारीबाग में महात्मा गांधी की जयंती पर एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की। पीएम मोदी ने इस मौके पर 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' (पीएमजेयुजीए) का उद्घाटन किया। इस योजना के तहत देश के 63,000 से अधिक जनजातीय गांवों के समग्र विकास के लिए काम किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में लाकर उन्हें सशक्त बनाना है।

### पीएम मोदी ने की ग्रामीण आभा परियोजना का शुभारंभ

पीएम मोदी ने इस मौके पर जय जोहार के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। पीएम मोदी ने कहा कि आज गांधी जयंती है। मुझे इस बात की खुशी है कि आज इस पर मौके पर धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना की शुरुआत हो रही है। आज मुझे एक बार फिर झारखंड की विकास यात्रा में सहभागी बनने का सौभाग्य मिल रहा है। कुछ ही दिन पहले मैं जमशेदपुर आया था। जमशेदपुर से मैंने झारखंड के लिए सैंकडों विकास योजनाओं का शुभारंभ किया था। झारखंड के हजारों लोगों को पीएम आवास योजना के तहत पक्का घर मिला था।

### 80 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

पीएम मोदी ने कहा कि आज झारखंड से 80 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास हुआ है। यह परियोजनाएं, झारखंड के आदिवासी समुदाय के लोगों के उत्थान से जुड़ी है। यह भारत सरकार द्वारा देश के आदिवासी समुदाय को मिल रही प्राथमिकता का प्रमाण है। मैं सभी झारखंडवासियों और देशवासियों को इन विकास कार्यों के लिए धन्यवाद देता हूं।

पीएमजेयुजीए का उद्देश्य 5 करोड़ से अधिक आदिवासियों को लाभान्वित करना है। इस योजना के तहत 20 लाख घर, 25,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों और पुलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, स्वच्छ पेयजल, गैस और बिजली जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस योजना के लिए 79,156 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसका फोकस जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ कृषि और बागवानी को बढ़ावा देना है, ताकि इन समुदायों की आय में सुधार हो सके।

### 33 जनजातीय समूहों के प्रतिनिधियों से संवाद

प्रधानमंत्री मोदी ने हजारीबाग के विनोबा भावे यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान देशभर के 33 जनजातीय समूहों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उनका संवाद इस अभियान की महत्ता और इस योजना से जनजातीय समुदायों के भविष्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर केंद्रित था। यह अभियान जनजातीय जीवन के हर पहलू को बेहतर बनाने का प्रयास है। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# बीते 10 सालों में कोटि-कोटि भारतीयों ने स्वच्छ भारत मिशन को अपनाया- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



- स्वच्छ भारत मिशन के 10 शानदार साल पर आयोजित समारोह में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव एवं प्रतिनिधिमण्डल हुए शामिल
- जिले में स्वच्छता के लिए किए गए विशेष कार्य एवं प्रयास

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत दिवस पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित पूज्य बापू का सपना देश का संकल्प तथा स्वच्छ भारत मिशन के 10 शानदार साल पर आयोजित समारोह में शिरकत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बीते 10 सालों में कोटि-कोटि भारतीयों ने स्वच्छ भारत मिशन को अपनाया है और अपना मिशन बनाया है। गंदगी जाने से और स्वच्छता आने से बीमारियां चली गई हैं। कलेक्टर दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव एवं प्रतिनिधिमण्डल इस समारोह शामिल हुए। इस समारोह में शामिल होने के लिए कलेक्टर दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह को नामांकित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जनसहभागिता से स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिए व्यापक पैमाने पर कार्य किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और स्वस्थ भारत के दृष्टिकोण से प्रतिबद्धता, प्रेरणा के साथ किए गये कार्य के बेहतरीन परिणाम रहे। जिसका असर दूरस्थ क्षेत्रों तक दिखाई दिया। गांव-गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता दिखाई दी। टीम भावना के साथ स्वच्छता और साफ-सफाई के दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए सामूहिक भागीदारी से कार्य किया गया। स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए ईको ब्रिक्स, हैण्डवाश, कबाड़ से जुगाड़, स्कूलों में स्वच्छता से संबंधी विभिन्न (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# लोहाणा समाज में नवरात्रि उत्सव की तैयारी पूर्ण



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय स्टेशन रोड स्थित श्री लोहाणा महाजन वाड़ी में लोहाणा समाज के नवरात्रि उत्सव की तैयारी धूमधाम से चल रही है, आज 3 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे से आचार्य महेंद्र भाई शुक्ला द्वारा माताजी के स्थापना पूजा कराई जायेगी। रात्रि 9.30 बजे माताजी की पहली आरती के साथ रास गरबा शुरू होगा, इसके पश्चात रात्रि 12.30 को आरती व प्रसादी वितरण किया जायेगा। प्रतिदिन इसी क्रम में सुबह की पूजन होगा तथा रात्रि में गरबा होगा, पंचमी के शुभ दिन महाआरती का आयोजन होगा, 11 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से माताजी के अष्टमी का हवन होगा। जिसकी पूर्णाहुति संध्या 6 बजे होगी, 12 अक्टूबर को रात्रि 11 बजे पश्चात ज्योत जवारा गरबा विसर्जन हेतु यात्रा माता देवालय हेतु निकलेगी। समाज के अध्यक्ष दीपक भाई बुद्धदेव के नेतृत्व में नवरात्रि की पूरी तैयारी में जगदीश भाई कोटक, नाथाभाई रायचा, प्रवीण भाई काथरानी, उपाध्यक्ष भरतभाई जोबनपुत्रा, रितेश लाल, गौतम भाई कोठारी, सचिव योगेश एल. कोटक, कोषाध्यक्ष दिनेश भाई साहिता, पीआरओ मनीष साहिता सहित युवा मंडल के हिमांशु रायचा, आशीष ठक्कर, अक्षय रायचा, दिवेश रायचा, देवेंद्र सेजपाल, परेश रायचा के साथ ही महिला मंडल अध्यक्ष नीता बेन रायचा, सचिव दिव्या बेन नगदिया तथा ट्रस्ट मंडल के हसमुख भाई रायचा, सुरेश भाई कोटक, भुमन भाई मिरानी सहित कार्यकारिणी के अनेक सदस्य भव्य तैयारी कर रहे हैं। लोहाणा समाज में नवरात्रि पर्व का यह लगातार 69वां वर्ष है, जिसे पूरी आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

**प्रथम : मां शैलपुत्री**









CMYK

# नवरात्रि पर्व: आज विराजेंगी मां दुर्गा, मंदिरों में जगमगाएंगे आस्था के ज्योत



राजनांदगांव (दावा)। क्वांर शुक्ल पक्ष की नवरात्र आज से शुरू होने जा रहा है। आज जगतजननी आदिशक्ति मां दुर्गा के रूप में विराजेगी। इसके लिए शहर से लेकर गांव-देहातों में दुर्गा पंडाल जगमग रूप से सज गया है। जहां आज मां दुर्गा की मनोहारी प्रतिमाएं स्थापित की जायेगी। इसके बाद नौ दिनों तक शक्ति आराधना पर्व की धूम बनी रहेगी। बता दें कि नवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों में खासा उल्लास बना हुआ है। आज दुर्गा समिति वाले भक्तजन बाजे-गाजे के साथ मूर्तिकारों के यहां से दुर्गा प्रतिमा लिवा कर लाएंगे। इधर शहर के देवी मंदिरों में नवरात्र पर्व की पूरी तैयारी कर ली गई है। मंदिरों के रंग-रोगन सहित आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटिंग की गई है जिससे देवी मंदिर जगमग नजर आ रहे है। नौ-दिन चलने वाली नवरात्रि के दौरान इन पंडालों में जप-तप पूजा-पाठ व साधना उपासना आराधना के विभिन्न अनुष्ठानों के साथ जिस जगराता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के आयोजन किए जाएंगे। जिससे समूचा अंचल मातारानी की भक्ति में सना नजर आएगा। माई के प्रति श्रद्धा-भक्ति का माहौल चहूं ओर दिखाई देगा। शहर के विभिन्न स्थानों में नवरात्र रास गरबा का भी धूम बनी रहेगी। रास गरबा समिति द्वारा इसकी भी तैयारियां कर ली गई है। लोग नौ दिनों तक रास गरबा के जश्न में भी डूबे नजर आएंगे।

बता दे कि नवरात्रि पर्व में भक्त जन अपनी मनोकामना ज्योति की पूर्ति के लिए मातारानी के दरबार में मनोकामना ज्योतिकलश या ज्योति जंवारा की स्थापना करते है। शहर के रिसायत कालीन मंदिर माता देवाला शीतला माई में भक्तों ने सैकड़ों की संख्या में घी व तेल के मनोकामना ज्योति की स्थापना की है। इसी तरह जीई रोड स्थित पाताल भैरवी मंदिर में 1800 की संख्या में ज्योति कलश तथा भरकापारा पुराना बस स्टैण्ड स्थित प्राचीन सिद्धपीठ काली मंदिर ,कोतवाली थाना पीछे स्थित महामाया मंदिर ,लखोली नाका स्थित चण्डी मंदिर, नंदई स्थित फिरतीन माता मंदिर सहित किलापारा व लालबाग की मां दुर्गा मंदिर के अलावा तमाम शीतला मंदिरों में आस्था के जोत की बहार रहेगी। भक्तजन इन देवी मंदिरों में अपने मनोकामना पूर्ति के लिए आस्था के ज्योति प्रज्जवलित करेंगे और माई की भक्ति में निमग्न रहेंगे।

बता दें कि सभी देवी मंदिरों में आज गुरूवार को मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी। इसके लिए शहर व ग्राम्य अंचलों सहित प्रदेश व अन्य प्रदेशो और विदेशों में भी रहने वाले भक्त अपने व घर-परिवार के लोगों के नाम से ज्योति प्रज्जवलित कराएंगे। इसके बाद जब गान, जगराता कार्यक्रमो सहित अन्य अनुष्ठानिक कार्यक्रमों की धूम रहेंगी।

बता दे कि शहर में सबसे पुराने मूर्तिकार वासुदेव पेन्टर, पाडूंरंग पेन्टर सहित कोलकाता से आए कृष्णा पाल व गोपाल पेन्टर के अलावा मोतीपुर के देवा पेन्टर व शहर के निकटस्थ ग्राम मनकी व लखोली, सिंघोला के अलावा थनौद के बालम मूर्तिकार मां दुर्गा, काली, मां शारदे की प्रतिमाओं को आकर्षक रूप से गढने में माहिर है। इन मूर्तिकारों के यहां आज मातारानी दुर्गा काली, मां सरस्वती, शारदा की प्रतिमाओं को ले जाने के लिए लोगों का मजमा लगेगा। दुर्गोत्सव समिति वालों की भीड़ रहेगी। लोग बाजे-गाजे के साथ मातारानी की भक्ति में झूमते नाचते देवी प्रतिमाओं को दुर्गोत्सव पंडाल तक ले जाएंगे। इसके साथ ही आज से नवरात्रि पूजन के तहत मां आदि शक्ति के भक्ति-भावना का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। जस-जगराता की धूम चहूंओर दिखाई देगी।

नवरात्रि पर्व में डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी सहित भंडारपुर करेला की मां भवानी मंदिर व राजनांदगांव स्थित पाताल भैरवी माता, पेंड्री-बरगा स्थित चरण पादुका मंदिर, मॉडी माता मंदिर के अलावा शहर में स्थित माता देवाला की माई शीतला, काली माई मंदिर, महामाया, चंडी माता, फिरतीन माता आदि देवियों के दर्शन के लिए लोग टूट पड़ते है। बता दें कि नवरात्रि पर्व के दौरान बम्लेश्वरी मंदिर में नौ-दिनों तक मेले का आयोजन होता है। इसे देखते हुए मां बम्लेश्वरी के मेले में सुरक्षा के लिए तकरीबन एक हजार जवानों की तैनाती की गई है। वही दर्जन भर आफिसरों की डयूटी लगाई गई। नवरात्रि के समय डोंगरगढ़ में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल दिन रात ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। मां बम्लेश्वरी मंदिर सहित मेला स्थल के अलावा पुलिस की आसपास के इलाकों में भी लगातार पेट्रोलिंग पर रहेंगे। इस दौरान असामाजिक तत्वों पर उनकी कड़ी नजर बनी रहेगी।

# कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

o स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत कलेक्टोरेट गार्डन की व्यापक साफ-सफाई की गई
0 कलेक्टर ने स्वयं झाड़ू लगाकर सबको स्वच्छता के लिए किया प्रेरित
0 स्वच्छता का पैगाम और संकल्प लिए सभी ने झिल्ली, पन्नी एवं कचरे की साफ-सफाई की



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित गांधी प्रतिमा एवं स्वर्गीय श्री शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कलेक्टोरेट गार्डन की व्यापक साफ-सफाई की गई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने स्वयं झाडू लेकर साफ-सफाई की। कलेक्टर के आव्हान पर प्रेरित होकर अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जोश एवं जज्बे के साथ झाडू लगाकर सघन साफ-सफाई की। स्वच्छता का पैगाम और संकल्प लिए सभी ने झाडू लगाई व झिल्ली, पन्नी एवं कचरे को एकत्रित डस्टबीन में डाला गया। कलेक्टोरेट परिसर के साथ ही सभी विभागों ने अपने कार्यालय की भी साफ-सफाई की। कार्यालय में फाईलों को व्यवस्थित किया गया तथा अनुपयोगी वस्तुओं को नष्ट किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट स्थित गार्डन की साफ-सफाई की।

## पहला कॉलम...

### महात्मा गांधी एवं शास्त्री जयंती समारोह



राजनांदगांव (दावा)। कमात अधिकारी 38 छ.ग बटालियन एन.सी.सी राजनांदगांव के निर्देशन में आज दिनांक 2 अक्टूबर में स्थानीय स्टेट हाईस्कूल के एनसीसी कै डेटों ने महात्मा गांधी एवं लाल बाहदुर शास्त्री की जन्म जयंती मनाई। जिसके तहत स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई जो गुरूद्वारा चौक भगत सिंग चौक से होती हुई शाला प्रांगण में समाप्त हुई तत्पश्चात कैडेटों ने शाला प्रांगण में स्वच्छता अभियान के तहत प्रांगण की सफाई की तथा गांधी जी की जयंती पर मुख्य अतिथि शिव वर्मा पूर्व निगम अध्यक्ष नगर पालिक निगम राजनांदगांव विशिष्ट अतिथि के रूप में भूतपूर्व वायुसैनिक गुरमीत सिंग भाटिया की उपस्थिति में बापू की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एन सी सी कैडेटों ने भी जीवनी एवं स्वतंत्रता सेनानी के रूप कें कार्यो पर अभिभाषण दिया। अतिथियों ने बापू एवं शास्त्री जी के श्लोगन बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो एवं बुरा मत सुनो तथा जय जवान जय किसान को जीवन में चरितार्थ करने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व एनसीसी अधिकारी जी.डी. वैष्णव एवं पूर्ण कैडेट रूपी मिर्जा उपस्थित रहते हुए मार्गदर्शन दिया। उक्त जानकारी एनसीसी अधिकरी सुनील भागवत ने दी।

### जिला न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष में जिला न्यायालय परिसर राजनांदगांव में जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों द्वारा प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश महोदय के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान एवं जिला न्यायाधीश सहित समस्त न्यायाधीश गण उपस्थित थे एवं जिलाअधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी जिलाअधिवक्ता संघ के सचिव राजेश खांडेकर सहित अधिवक्ता योगेश महेश देवांगन प्रवीण अशोक रजक अरुण अनोखे रोहित बिसेन आदि अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर के अंदर स्वच्छता अभियान के तहत परिसर साफ सफाई किया।

### सुशीला ठावरे का निधन



राजनांदगांव (दावा)। भरकापारा वार्ड नं. 28 निवासी श्रीमती सुशीला ठावरे का बुधवार 2 अक्टूबर को रात्रि में निधन हो गया। मृदभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व की धनी श्रीमती ठावरे अपने पीछे तीन पुत्रों एवं नाती-पोतों का भरापूर परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा 3 अक्टूबर गुरुवार को दोपहर 1 बजे निज निवास से मुक्तिधाम मठपार (लखोली) हेतु निकाली जावेगी।

# आज से शहर में लायंस क्लब के नवरात्रि रास-गरबा उत्सव की रहेगी धूम



o कंचन बाग के गायत्री विद्यापीठ मैदान में रास गरबा उत्सव का बिखरेगा जलवा
0 लाईव म्यूजिक से रंगारंग गरबा कार्यक्रमों की बिखरेगी छटा

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी में इस बार भी क्वार नवरात्रि पर्व अवसर पर लायंस इंटरनेशनल सिटी राजनांदगांव-गरबा उत्सव 2024 की धूम रहेगी। जगज्जननी मां दुर्गा की पूजा-आराधना के साथ मातारानी की शान में रास-गरबा व डांडिया नृत्य करने के शौकिन लोगों के लिए शहर के गायत्री विद्यापीठ मैदान में गरबा उत्सव की रंगारंग छटा बिखरेंगी।लोग बड़ी संख्या में डांडिया, रास गरबा कार्यक्रम में भाग लेकर मातारानी के चरणों में अपनी श्रद्धा भावना के पुष्प अर्पित करेंगे।

लायंस गरबा चेयरमैन ला.राजेश माखीजा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार लायंस के गरबा उत्सवों में तेज आवाज वाले डीजे साउंड सिस्टम के उपयोग नही किया जा रहा है। इसके स्थान पर बाहर से कलाकारों को बुलाकर लाईव म्यूजिक के द्वारा रंगारंग गरबा कार्यक्रम किया जा रहा है। आज से कंचन बाग में लाईव म्यूजिक व रंग-बिरंगी लाइटिंग के बीच लायंस क्लब के रास-गरबा उत्सव की सतरंगी छटा बिखरेगी, जिसके आनंद में रगरबा प्रेमी देर तक डूबे नजर आएंगे। लायंस क्लब गरबा उत्सव के अध्यक्ष तरणजीत सिंह अऱोरा, की धूम बनी रहती है। इस बार लायंस क्लब विशेष करने जा रहा है। लायंस क्लब के लायन बृजकिशोर सुरजन, तरणदीप आरोरा, शारदा तिवारी, राजा माखीजा, संतोष लोहिया आदि ने बताया कि इस बार बजाय राज इंपीरियल के शहर के बीच गायत्री विद्यापीठ स्कूल मैदान कंचन बाग में रास-गरबा उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम किया जा रहा है। मातारानी की पूजा-आराधना के साथ नौ-दिनों तक अनवरत चलने वाले रास गरबा उत्सव में लाईव म्यूजिक कार्यक्रम रंग-भरने जा रहा है।

लायंस गरबा उत्सव के चेयरमैन राजा माखीजा, अध्यक्ष ला.तरणजीत सिंह अऱोरा, कोषाध्यक्ष ला.संतोष लोहिया, सचिव ला.डॉ.गिरिश श्रीवास्तव लायन वाइस चेयरमैन ला.श्रीमती शारदा तिवारी, एमजेएस ला.राजकुमार शर्मा (अधिवक्ता) ने बताया कि 80 हजार स्क्रेयर फीट मैदान में आयोजित होने वाले गरबा उत्सव कार्यक्रम में रंग-भरने के लिए राजस्थान आदि से कलाकार आ रहे है। गरबा स्थल व मंच की सजावट के लिए मुंबई की टीम का सहयोग लिया गया है। लायंस क्लब द्वारा इसकी जोरदार तैयारी की गई है। बताया गया है कि नवरात्रि के प्रथम दिन आज 3 अक्टूबर को लायंस क्लब के रास-गरबा उत्सव कार्यक्रम की भव्य एवं दिव्यता दोनों देखने को मिलेगी। गायत्री विद्यापीठ के विशाल मैदान में नवरात्रि के नौ-दिनों तक लायन गरबा उत्सव का सतरंगी जलवा देखने को मिलेगी। रंग बिरंगी लाइट और लाईव म्यूजिक के बीच ताल से ताल मिलाते गरबा प्रेमी जन थिरकते हुए नजर आएंगे।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा : तीन दिवसीय सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदीयों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा नगर निगम द्वारा आयोजित किया गया।

पखवाड़ा के तहत 27 व 30 सितम्बर तथा 1 अक्टूबर को गांधी सभागृह में आयोजित सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर में सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदीयों ने परिवार सहित बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और 1 हजार से अधिक से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा शासन की योजना का लाभ देने पंजीयन भी किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के लिये सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है, इसी कडी में 27 व 30 सितम्बर तथा 1 अक्टूबर को सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर गांधी सभागृह में आयोजित किया गया, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित दो मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 1 हजार से अधिक सफाई मित्रों तथा स्वच्छता दीदीयों एंव उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें लेब टेस्ट कर कर्मियों को दवा वितरण किया गया।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजित पंजीयन शिविर में सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने सफाई कर्मियों ने आवेदन प्राप्त किया जिसमें आयुष्मान योजना, सफाई कर्मियों ने श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री सुक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने सफाई कर्मी व स्वच्छता दीदीयों ने पंजीयन कराया। उन्होंने बताया कि स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के तहत शहर को कचरा मुक्त करने कचरा पृथककरण, साफ सफाई के संबध में लोगों को समझाईस दिया जा रहा है, साथ ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत वार्डो, सार्वजनिक स्थलों, तालाबों, उद्यानों आदि में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया।

# लाइफ स्टाइल एक्सपो को अच्छा प्रतिसाद

## 8 अक्टूबर तक चलेगी भारतीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी



राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्र के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव द्वारा 4 सितंबर को उद्घाटित भारतीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी लाइफ स्टाइल एक्सपो को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। खैरागढ़ रोड के पास स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित यह प्रदर्शनी 8 अक्टूबर तक चलेगी। इस एकसपो में सुबह 11 से रात्रि 10 बजे तक ग्राहकों का भारी ताता लगा रहता है।

इस प्रदर्शनी में ज्यादातर लोग दीपावली के हिसाब से जमकर खरीददारी कर रहे हैं। प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों की तरह-तरह के आइटम लोगों को लुभा रहे हैं। लाइफ स्टाइल एक्सपो के संचालक सुफियान अली ने बताया कि लाइफ स्टाइल एक्सपो भारतीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी में विशेष और नये आइटमों का विशाल संग्रह किया गया है जिसमें मुख्य आकर्षण उत्तरप्रदेश-भदोही के कारपेट, लखनवी चिकन सूट, डेस, खादी शर्ट, बनारसी सिल्क साड़ियाँ, खुर्जा क्रॉकरी, सहारनपुर फर्नीचर, कानपुर-लेडिस चप्पल एवं सेंडिल, दिल्ली-वाइट मेटल ज्वेलरी, राजस्थानी बांधनी सूट, साड़ी, आचार, चूरन, सुपारी, मोजड़ी, कलकत्ता सिल्क साड़ी, जूट बैग, कश्मीर पशमीना शाल, सूट, साड़ी, पंजाबी फूलकारी, डाई फ्लावर, बिहार-भागलपुरी सिल्क वस्तुएं, हरियाणा - बेडशीट, चादर, टेराकोटा, मध्यप्रदेश - छतरपुर की पंचधातु पीतल की मूर्तियाँ, चन्देरी सूट, साड़ियाँ, कोसा साड़ी, सूट, बेलमेटल आदि, आदिवासी हेयर ऑईल, मैसूर अप्पा मसाला, भारतीय साड़ियों का विशेष संग्रह आदि शामिल है। उन्होंने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को प्रदर्शनी में पहुंचकर अपने मनचाहा खरीदी करने की अपील की है।

### गांधी जयंती से खादी वस्त्रों पर छूट प्रारंभ


राजनांदगांव (दावा)। गांधी जयंती के शुभ अवसर पर खादी प्रेमियों एवं शासकीय, अशासकीय विभागों को लगने वाले विभिन्न प्रकार के खादी वस्त्रों जैसे सूती, रेशम, कम्बल पोली वस्त्र आदि पर शासन के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर 2024 से सभी प्रकार के वस्त्रों पर 20 प्रतिशत 31 मार्च 2025 तक प्रदान किया जावेगा। इस छुट का अधिक से अधिक लाभ उठाने का कष्ट करेंगे।

### रवि और मणि ने डॉ. रमन से आशीर्वाद लिया



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान तेज गति से चल रहा है। डॉ रमन सिंह द्वारा सदस्यता अभियान के कार्यक्रम में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा एवं कमला कॉलेज शासकीय महाविद्यालय की अध्यक्ष सुश्री मनीभास्कर गुप्ता को अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद भी दिया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, सिंधी समाज के उपाध्यक्ष चंदन रूचदानी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री राजा माखीजा, पंकज जेठानी उपस्थित थे।


# निगम में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य पर आज आयोजित कार्यक्रम में पुष्पांजली अर्पित की गयी। कार्यक्रम में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, संजय वर्मा, ईमरान खान, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया, तत्पश्चात आयुक्त श्री गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। सुबह निगम कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में आयुक्त श्री गुप्ता ने गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करने, स्वच्छता के प्रति सजग रहने, हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने, न गंदगी करूंगा न करने दूंगा प्रतिज्ञा करने, स्वयं अपने परिवार से मोहल्ले से, गांव से एवं कार्य स्थल से स्वच्छता की शुरूआत करने, गांव गांव गली-गली स्वच्छता का प्रचार करने लोगों को भी स्वच्छता के लिये 100 घंटे देने प्रेरित करने अधिकारी व कर्मचारी को संकल्प दिलाये।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने अपने संबोधन में गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती शुभकामनाए देते हुये कहा कि महात्मा गांधी जी ने सदैव स्वच्छता को महत्व दिये, इन्हीं के सिद्धांतों का पालन करते हुये हम स्वच्छता अपना रहे है। उनके स्वच्छता के संदेश को जन जन तक पहुंचाये। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी की सादगी एवं उनके आदर्श हमें प्रभावित करते है। उनके बताये मार्गो पर चलने की कोशिश करने में ही हमारा हित होगा, क्योंकि वो जो कार्य किये वैसा आज कर पाना मुश्किल है, पर उनके आदर्शो पर चलकर जीवन को सफल बनाना है। इस अवसर पर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
अंतिम दिन 4 खेलों में, ता. 4 से चंदा मामा
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण कृपया समय का ध्यान रखें
पहला खेल 11.30, 2.45, 6 व रात्रि 9.15 बजे
करण जौहर एवं ए.ए. फिल्मस् कृत
देवरा - पार्ट-1
कलाकार - जुनियर एन. टी. आर., जान्हवी कपूर, सैफ अली खान, राम्या कृष्णा, प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको, कलैयारासन, अभिमन्यु सिंह आदि।


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
27th SEP to 03rd Oct 2024
silver SCREEN


Devara - 11:30am, 11:45am, 02:45, 03:00, 06:00, 06:15, 09:15 and 09:30 pm
Yudhra (Hindi) - 12:00 pm
Stree 2 - 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र..... 1-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं मोहल्लेवासी ग्राम-ककरेल, प.ह.नं.-59 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि, आवेदक तामीलेस्वर आ. स्व. कृष्ण कुमार, आयु 47 वर्ष जाति सतनामी निवासी ग्राम ककरेल, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम ककरेल प.ह.नं.-59 स्थित भूमि खसरा नं. 419/1 का टु. रकबा 0.2020 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में उमेदचंद आ. अमरचंद्र निवासी सदर बाजार राजनांदगांव के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक के दादा क्रेता गोकुल आ. भोला सतनामी के द्वारा विधिवत् पंजीयन दिनांक 19.07.1975 के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसका प्रमाणीकरण आज दिनांक तक नहीं कराया गया है। क्रेता गोकुल आ. भोला सतनामी की मृत्यु दिनांक 10.05.1997 को हो चुकी है। स्व. गोकुल के निम्न वारिसान हैः पुत्र कृष्ण कुमार जोशी पुत्री पुष्पाआसकरण टंडन एवं पत्नि स्व. सुखिया बाई है। स्व. कृष्ण कुमार जोशी की मृत्यु दिनांक 07.11.2023 को हो चुकी है। स्व. कृष्ण कुमार के वारिसों में पुत्र तामीलेस्वर, मनीष कुमार पुत्री रेखा बंजारे, मंजू बाई टुडे, प्रियंका कोसरे पूर्णिमा जोशी, मनिषा कुमारी जोशी पत्नी 1. बिंदिया बाई जोशी 2. कौशल बाई जोशी है। इसके अलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है। अतएव उक्त वर्णित भूमि पर से विक्रेता का नाम विलोपित कर क्रेता के वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 9/10/2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 24/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 24/09/2024**
**सुनवाई दिनांक -09/10/2024**

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं.-202409291500009 शीर्ष-अ-6
वर्ष 2023-24 क्रमांक 6038/ /वा.नजूल/2024
खैरागढ़ दिनांक 30/09/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका उज्वला सिंह पिता राजा रविन्द्र बहादुर सिंह निवासी कमल विलास पैलेस खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन ब्लाक नं. 01 स्थित भूखण्ड कमांक 53 सम्मिलित भूखण्ड कमांक 54 रकबा क्रमशः 23580 वर्गफूट, एवं 650 वर्गफूट भूमि जो उनके पिता राजा रविन्द्र बहादुर सिंह आ. वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं अन्य 03 के नाम पर दर्ज है, आवेदिका के पिता द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त वादभूमि को वसीयतनामा दिनांक 09.01.2012 अनुसार आवेदिका के नाम पर निष्पादित किया गया है। उक्त वसीयतनामा के आधार पर आवेदिका द्वारा वादभूमि पर वसीयतकर्ता का नाम विलोपित कर अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने संबंधी आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30-09-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

क्रं./ / प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 12/09/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देव कुमार साहू पिता कालू राम साहू, अनामिका साहू पति देव कुमार साहू, निवासी कोलिहापुरी, पोस्ट टप्पा, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कौरिनभाठा, पटवारी हल्का नंबर 0038, खसरा नंबर 4/19, रकबा 0.0195 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/ खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 27/09/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-5-0
770-4 250-7
राजधानी
1-5-8
177-5 259-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






# शहर को स्वच्छ, सुन्दर बनाकर कायाकल्प करने के लिए सभी आगे आएं - डॉ. रमन सिंह

**0 महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया**

**0 स्वच्छता सम्मान समारोह में विशेष योगदान के लिए श्रमवीरों को किया गया सम्मानित**



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत आज गांधी सभागृह नगर पालिक निगम में आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमवीरों को सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी ने और पूरे देश ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही पखवाड़ा मनाया है। जिसके अंतर्गत पौधरोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजनांदगांव में विशेष तौर पर स्वच्छता अभियान से जुड़कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनसामान्य, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने जनसहभागिता से श्रमदान कर साफ-सफाई की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत और कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने की थी। वे स्वयं अपना शौचालय साफ करते थे। जिसका असर पूरे देश में हुआ। उन्होंने न केवल देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, बल्कि अस्पृश्यता के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हम सभी को एक जैसा बनाया है और सभी का रक्त लाल है। मानवता की दृष्टि से ऊंच-नीच, छुआछूत की भावना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में स्वच्छता अभियान की शुरूआत की थी। देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। हम सभी को स्वच्छता को अपने आदत में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए कार्य करने हेतु हम सभी को आगे आना होगा। गांधी जी कहते हैं कि अपने आस-पास और परिवेश में साफ-सफाई करने के साथ ही अपने मन को साफ रखें।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव शहर का कायाकल्प तभी होगा जब हम सभी श्रमदान करते हुए स्वच्छता के लिए अपना योगदान देंगे। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वे अपने शहर और अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए कार्य करें। जिले में पौधरोपण, जलसंरक्षण, गीला एवं सूखा कचरा को अलग करना, रिसायक्ल करना तथा स्वच्छता से जुड़े विभिन्न गतिविधियों को अपनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान से जुड़े लोगों का पैर धोकर उनका सम्मान किया। अब बच्चे भी स्वच्छता का महत्व समझने लगे हैं। हमें स्वच्छता को अपने जीवन पद्धति में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने स्वच्छता के लिए शहरी क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने के लिए नगर निगम आयुक्त एवं उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम अपने शहर राजनांदगांव को स्वच्छ और सुंदर बनाकर कायाकल्प कर सकते हैं। राजनांदगांव शहर को प्रदेश में स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी रखने के लिए मिल कर कार्य कर सकते हैं। हम आज यह संकल्प लेकर इस परिवर्तन के लिए प्रयास करें।कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए लगातार कार्य किया गया। सभी वार्डों में स्वच्छता को स्वीकार करते हुए जनसहभागिता से साफ-सफाई के लिए निरंतर कार्य किया गया। ऐसे क्षेत्र जहां साफ-सफाई की आवश्यकता थी, उन्हें चिन्हांकित करते हुए न केवल साफ-सफाई की गई, बल्कि वहां पौधरोपण भी किया। अपने आस-पास के परिवेश को साफ रखने के दृष्टिकोण से जनसहभागिता से यह कार्य संभव हुए। यह 15 दिन हम सभी के लिए व्यवहार परिवर्तन का अवसर रहा है। 365 दिन यदि हम श्रमदान करते हुए स्वच्छता का यह कार्य कर सकें, तो इससे बहुत परिवर्तन आएगा। स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य से प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी हुई है। गंदगी से बीमारी फैलती है। छोटे बच्चे और बुजुर्ग की रोगप्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। सभी को स्वास्थ रखने के लिए स्वच्छता जरूरी है। जनप्रतिनिधियों ने भी स्वच्छता के इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हमें स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करना होगा। यह अभियान जनभागीदारी से एक खुबसूरत अभियान बन गया। इस अभियान के दौरान सभी स्वच्छता दीदीयो को स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड, श्रम विभाग का पंजीयन एवं शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्हें शासन की योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जनसहभागिता से चलाया गया तथा इस दौरान शहरी क्षेत्रों में व्यापक तौर पर साफ-सफाई की गई। आज यहां ऐसे श्रमवीर जिन्होंने स्वच्छता के लिए अपना विशेष योगदान दिया है, उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर एसएलआरएम सेंटर पेण्ड्री से श्रीमती किर्ती मानिकपुरी, नवागांव से गुलाब गोड़, रेवाडीह से श्रीमती पुष्पा नेताम, 18 एकड़ से श्रीमती संगीता यादव एवं इन्द्रानगर से महेश्वरी साहू सम्मानित किया गया। जनपद मुख्यालय में स्वच्छता के लिए अच्छा कार्य करने वाले सरपंच, सचिव, स्वच्छताग्राही दीदी एवं बिहान की दीदी को सम्मानित किया गया। जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत बरगा, सिंघोला, पार्रीखुर्द, खुटेरी, सांकरा, धीरी, मुड़पार, पदुमतरा एवं सुकुलदैहान के सरपंच, सचिव, ग्राम ग्राम ढोढीया के स्वच्छताग्राही दीदी और इको ब्रिक्स बनाने वाली बिहान की दीदी एवं अन्य श्रमवीरों को प्रमाण पत्र एवं शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया।




# राजनांदगांव में भाजपा सदस्यता अभियान का कीर्तिमान स्थापित करेगा- डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितम्बर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से जारी सेवा स्वच्छता पखवाड़े का आज 02 अक्टूबर को गॉधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर समापन हुआ। इसके पूर्व जिलेभर में जोरदार स्वच्छता अभियान चलाया गया। लखोली स्थित दुर्गा चौक में भी स्वच्छता पखवाड़े के समापन का कार्यक्रम आयोजित हुआ, वार्ड नं. 36 के बूथ नं. 62 में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुये छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि महात्मा गॉधी व लालबहादुर शास्त्री जी का देश की आजादी में अतुलनीय योगदान है, गॉधी जी ने सारा जीवन सत्य-अहिंसा व सेवा के लिये समर्पित कर दिया था, वे 21 वर्षो तक दक्षिण अफ्रीका में आंदोलन किया फिर वे लंदन आकर विधि की डिग्री ली और फिर भारत आकर आजादी के आंदोलन में कूद पड़ें। वे अपने गुरू गोपाल कृष्ण गोखले के मार्गदर्शन में आजादी का आंदोलन चलाया और अतंतः हम सबको आजादी दिलायी। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान का जिक्र करते हुये कहा कि हम सदस्यता को लेकर एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति में लगे हुये है, हमे इस बात का गर्व होना चाहिये कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक संस्था है, जिसके पास देश में सर्वाधिक सांसद-विधायक, मंत्री, पंच-सरपंच व पार्षदों की फौज है। देश के सर्वाधिक राज्यों में भाजपा की ही सरकार है। 18 करोड़ से अधिक पार्टी के सदस्य है, यह सब उपलब्धि आम जनता के असीम प्यार व स्नेह का नतीजा है।

पार्टी द्वारा जारी सदस्यता अभियान के लिये कार्यकर्ताओं से जुट जाने का आव्हान करते हुये कहा कि उन्हे राजनांदगांव विधानसभा में एक लाख दो हजार वोट मिले है और वह चाहते है कि इतने ही लोग भाजपा का सदस्य बनकर जिले व प्रदेश में नये कीर्तिमान स्थापित करें। समारोह के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने सदस्यता अभियान व सेवा स्वच्छता पखवाड़े का ब्यौरा पेश किया व आश्वास्त किया कि सदस्यता को लेकर जो लक्ष्य पार्टी ने दिया उसे हम पूरा करके रहेंगे। कार्यक्रम में जिले के स्वच्छता अभियान के प्रभारी वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, शहर भाजपा के महामंत्री हकीम खान, रघुवीर वाधवा व रमेश सोनवानी का उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शहर भाजपा अध्यक्ष तरूण लहरवानी ने किया, इस दौरान प्रमुख रूप से कोमल सिंह राजपूत, आभा तिवारी, रवि सिन्हा, अशोकादित्य श्रीवास्तव, गप्पू सोनकर, संतोष निर्मलकर, गौरव शर्मा, गिन्नी चावला, रविन्द्र रामटेके, मिथलेश्वरी वैष्णव, सरिता उईके, सुनीता डोंगरे, गितेश गुप्ता, हीरोबाई यादव, देवबती साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता, नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. रमन सिंह ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं व उपस्थित नागरिकों, महिलाओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई।









## अनमोल दावा

> आपकी सारी परेशानियां खत्म हो जाएगी, जिस दिन आपको यह विश्वास होगा कि सब काम ईश्वर की मर्जी से हो रहा है।

# महंगी पड़ती राजनीतिक क्षुद्रता, आवश्यक सुधारों पर देना होगा अधिक ध्यान

हमारे राजनीतिक दल इन दिनों जनता को जानबूझकर बहकाने और सीधे शब्दों में कहें तो बेवकूफ बनाने वाली जैसी राजनीति करने में लगे हैं उसे देखते हुए इसके आसार नहीं कि विभिन्न क्षेत्रों में जरूरी सुधारों की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। आसार इसलिए कम हैं क्योंकि दोनों ही पक्ष के शीर्ष नेता भी इसी राजनीति का परिचय देने में लगे हुए हैं।राजनीति का काम है लोगों को दिशा देना और उन्हें जागरूक करना, लेकिन पिछले कुछ समय से अपने देश में इसके ठीक उलट हो रहा है। राजनीति लोगों को ऐसे विषयों पर गुमराह करने का जरिया बनी हुई है, जिनका कोई आधार ही नहीं बनता।इन दिनों पक्ष-विपक्ष के नेता देश की जनता को यह समझाने में लगे हुए हैं कि भारत का संविधान खतरे में है और प्रतिपक्षी दल आरक्षण खत्म करने की भी तैयारी में हैं। एक तरह से लोगों को यह यकीन दिलाया जा रहा है कि कौआ उनका कान ले गया है और उन्हें बिना यह देखे-समझे कौए के पीछे दौड़ना चाहिए कि उनका कान सलामत है या नहीं?संविधान और आरक्षण के खतरे में होने का शिगूफा लोकसभा चुनाव के समय छेड़ा गया था। बहुत से लोग इस शिगूफे का शिकार भी हुए। पता नहीं अब उन्हें भान हुआ या नहीं कि उनके सामने भय का भूत खड़ा किया गया था, लेकिन राजनीतिक दलों की लोगों को बहकाने की राजनीति अब भी जारी है।लोकसभा चुनाव के समय संविधान और आरक्षण के लिए खतरा पैदा होने का हौवा कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने खड़ा किया था। इस दुष्प्रचार के चलते राजनीतिक नुकसान उठाने के बाद से भाजपा भी यह कहने में लगी हुई कि संविधान और आरक्षण को असली खतरा कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों से है। विडंबना यह है कि इस झूठे प्रचार पर अंध विरोधी और अंध समर्थक किस्म के कुछ लोग यकीन भी कर रहे हैं, जबकि सच यह है कि न तो संविधान खत्म किया जा सकता है और न ही आरक्षण समाप्त किया जा सकता है। कम से कम वर्तमान परिस्थितियों में तो यह संभव नहीं और किसी की ओर से ऐसी कोई कोशिश करने का मतलब है जानबूझकर राजनीतिक आत्मघात करना

देश का कोई भी दल इतना नादान नहीं हो सकता कि वह संविधान खत्म करने या फिर आरक्षण को समाप्त करने का सोचे और फिर भी यह समझे कि वह राजनीतिक रूप से प्रासंगिक बना रह सकता है। निःसंदेह संविधान में संशोधन किया जा सकता है और देश, काल एवं परिस्थितियों को देखते हुए किया भी जाना चाहिए।ऐसा किया भी गया है और चूंकि कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही है, इसलिए उसने ही सबसे अधिक संविधान संशोधन किए हैं। आपातकाल के जरिये संविधान को धता बताने का कलंक भी उसके माथे पर है, लेकिन दुष्प्रचार की राजनीति के जरिये वही यह प्रचारित कर रही है कि भाजपा संविधान के लिए खतरा बन गई है।संविधान के किसी प्रविधान की समीक्षा की मांग करने में कोई हर्ज नहीं, लेकिन आज जैसा राजनीतिक माहौल है, उसमें यदि कोई ऐसी मांग करे तो उसके विरोधी तत्काल उसे संविधान विरोधी करार देंगे। इसी तरह यदि किसी ने भूले से भी कह दिया कि आरक्षण की समीक्षा होनी चाहिए, ताकि वह अधिकाधिक पात्र लोगों को मिल सके तो उसे आरक्षण विरोधी करार देने में क्षण भर की भी देर नहीं की जाएगी। आखिर यह क्यों नहीं देखा जाना चाहिए कि आरक्षण का लाभ पात्र लोगों को सही तरह से कैसे मिले?यह देखना दुखद है कि एससी-एसटी आरक्षण के उपवर्गीकरण की उचित मांग का जो भी समर्थन कर रहे हैं, उन्हें संविधान और सामाजिक न्याय विरोधी करार देने में संकोच नहीं किया जा रहा है। आखिर यह कैसा सामाजिक न्याय है कि एससी-एसटी समाज की जिन सबसे अधिक पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ देना सुनिश्चित किया जाना सभी दलों का साझा ध्येय होना चाहिए, उन्हें उससे वंचित करने को ही संविधानसम्मत बताया जा रहा है।वास्तव में यह सामाजिक अन्याय की ही मिसाल है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति इसीलिए बनी है, क्योंकि आरक्षण पर क्षुद्र राजनीति की जा रही है। जैसे आरक्षण के समक्ष नकली खतरा खड़ा कर दिया गया है, उसी तरह संविधान के समक्ष भी।आज पक्ष-विपक्ष में से यदि कोई संविधान के किसी प्रविधान में संशोधन की न्यायसंगत मांग भी करे तो उसे फौरन ही संविधान का शत्रु करार दिया जाएगा। इतना ही नहीं, ऐसा करने वाले यह हल्ला मचाते हुए भीमराव आंबेडकर की फोटो के साथ सड़कों पर उतर आएंगे कि बाबा साहेब के बनाए संविधान को खत्म करने की साजिश रची जा रही है।2014 में जब मोदी सरकार ने सत्ता में आने पर जजों की नियुक्ति की मौजूदा गैर-संवैधानिक व्यवस्था को खत्म कर न्यायिक नियुक्ति आयोग बनाने की पहल की थी तो सभी विपक्षी दलों ने उसका समर्थन किया था। संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पर संसद और विधानसभाओं ने खुशी-खुशी मुहर भी लगा दी थी, लेकिन जैसी आशंका थी, सुप्रीम कोर्ट ने उसे असंवैधानिक करार दिया और जजों के द्वारा जजों की नियुक्ति की गैर-लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाए रखी। यह किसी भी दृष्टि से संविधानसम्मत नहीं है, लेकिन आज कोई सोच भी नहीं सकता कि जजों की नियुक्ति की कलेजियम व्यवस्था में बदलाव की कोई पहल हो सकती है। यदि इसका कोई निष्कर्ष निकलता है तो यही कि जब पक्ष-विपक्ष के दल क्षुद्रता भरी राजनीति करने लगते हैं, तब आवश्यक सुधार करना और भी कठिन हो जाता है।

# नेवता नेवत के हो जग रचौं महामाई



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''



हमारे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में नारी रुपेण दैवीय आस्था व जनविश्वास के प्रतिमूर्ति को देवी एवं माता की संज्ञा प्राप्त है। ग्राम्यांचल की लोक-आराध्य देवी मातादाई, बूढ़ीदाई, कंकालीन, शीतला, दुर्गादाई, बहीदाई, सतबहिनी, चंडीदाई, महामाई आदि रूप में सर्वत्र विराजित हैं, जिन पर लोगों की अपार श्रद्धा व भक्ति भाव देखते ही बनता है। ग्रामीण अपने हार्दिकभाव को श्रद्धापुष्प अर्पित कर इन देवियों के चरणों पर आशा व विश्वास का दीप जलाते हैं। हृदय से निकलने वाली दैवीय भावना की तरंगे जिव्हा से मुखरित होती हैं, जो लयबद्ध लोकगीत बनती है। धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर नवरात्र पर्व विशेष पर गाये जाने वाला लोकगीत ''जसगीत'' कहलाता है। जसगीत अर्थात यशगीत लोक आराध्य देवी के रूप-सौंदर्य, शौर्य-पराक्रम एवं कृपा विशेष के यश गान की लोक प्रस्तुति की जसगीत है। नौ दिनों तक निजी एवं सार्वजनिक स्थान के जोत-जँवारा एवं देवी-स्थापत्य स्थल पर देवी को शक्ति रूपेण जगद्जननी को गीत के जरिये आमंत्रित किया जाता है। लोक विश्वास है कि देवी के आमंत्रित होने पर नवरात्रि को शुभ मानी जाती है। इस समय समस्त देवतागण एवं सारा ब्रह्मांड माता के साथ आमंत्रित होते हैं।

''नेवता नेवत के हो... जग रचौं<br>
महामाई...नेवता नेवत के हाँ...<br>
ब्रह्म ल नेवतेंव विष्णु ल नेवतेंव<br>
नेवतेंव कैलाश पति ला<br>
राजा इंदरदेव वहू ल नेवतेंव<br>
नेवता नेवत के हो...जग रचौं...''

**शब्द संरचना –**

अन्य लोकगीतों की तरह जसगीत में भी प्रथम दो पंक्तियाँ मुखड़ा होती है, जो हो माँ, हे माता, दाई, भवानी....के साथ लयबद्ध होती है। पद संख्या दो या तीन होती है। आजकल जसगीत प्रतियोगिताओं में किसी देवी के कथा प्रसंग को लेकर लंबी जसगीत की रचना होने लगी है। इनकी पद संरचना में देवी के गुणों का बखान प्रश्नोत्तर रूप में होता है। प्रश्नोत्तर के पंक्तियों के गायन के पश्चात मुखड़े को गाया जाता है। इस तरह एक विशेष गायन शैली ''पचरा'' कहलाता है। पचरा के पंक्ति सर्वप्रथम गायकप्रमुख के द्वारा गाया जाता है, फिर समूहगान होता है। देवी स्थापना दिवस के स्थिति, तिथि, साज-सज्जा, भेंट-चढ़ावा कथाप्रसंग के मुताबिक पचरा गाया जाता है। पचरा लोगों के लोक वाद्ययंत्रों के सुमधुर ध्वनि के साथ वीर, क्रोध, शांत, करुणा, भक्ति रसों का रसपान कराता है। देवीय से भक्त प्रभावित हो कर नाचने-गाने और झूमने लगते हैं। पचरा की बानगी प्रस्तुत है-

''तुम खेलव दुलरवा<br>
रनबन रनबन हो....<br>
का पूजा लेवय बाल बरमदेव<br>
का पूजा लेवय गोइंयाँ<br>
का पूजा लेवय बन के रक्सा<br>
हो रनबन हो....<br>
नरिहर लेवय बाल बरमदेव<br>
कुकरा लेवय गोइंयाँ<br>
भँइस्सा लेवय बन के रक्सा<br>
हो रनबन हो... तुम खेलव...।''

देवी के रूप-सौंदर्य का दर्शन -

जसगीत का प्रथम व महत्वपूर्ण भाग है सिंगार गीत। सिंगार यानी श्रृंगार करना नारी सुलभ प्रवृत्ति है। नारी सुंदरता का प्रतीक मानी जाती है। सुंदरता नारी के भौतिक गुणों को अवगत कराती है। प्राकृतिक सौंदर्य प्राप्त होने पर भी नारी में अतिरिक्त बाह्य सौंदर्य प्राप्त होने पर भी नारी में अतिरिक्त सौंदर्य अर्जन करने का स्वभाव होता है। नवरात्र के प्रथम दिवस से ही आराधक नारी रूपेण देवी स्वरूपा जगदम्बे को श्रृंगार सामग्री जैसे सिंदूर, बिंदी, कुमकुम, चूड़ी, चुनरी, साड़ी, आभूषण आदि से अलंकृत देवी की पाषाण प्रतिमा में सजीवता उभरती है। पंचमी तिथि विशेष महत्व रखता है। रूप-सौंदर्य का देवी-जसगीत कुछ इस तरह होती है-

''मइया पचरंग पचरंग<br>
करत हे सिंगार हो माँ...<br>
पचरंग परदा परयो भवन हे<br>
पचरंग कलस बनाई<br>
पचरंग दरी बने पचरंगी<br>
पचरंग साज सजाई<br>
हो मइया पचरंग....।''

**शौर्य-पराक्रम का वर्णन-**

शांति रुपेण माता जगदंबा शक्ति का रूप होती है। दुर्गा, काली, भवानी की संज्ञा प्राप्त देवी पाप, अधर्म, अन्याय का नाश करती है। दुर्गा-महिषासुर संग्राम के कथा प्रसंग में देवी के शौर्य-पराक्रम व वीरता का वर्णन जसगीत में सुनने को मिलता है। सिंह पर सवार सशस्त्र देवी दुर्गा का रणभूमि में कूच करने का वृतांत जसगीत के लोकधुन की प्रस्तुति होती है। यह कथा प्रसंग नारी को शक्ति दायिनी व पाप हारिणी के रूप में चित्रित करता है; साथ ही यह भी संदेश देता है कि पुरुष प्रधान समाज में नारी अपने यथोचित स्थान पाने के लिए शांति मार्ग की अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर अपनी शक्ति का प्रयोग कर समस्त नारीजाति को जीवन जीने का अधिकार निर्धारित करती है-

''महिषासुर मारन बर हो<br>
चले हो दुरगा दाई<br>
सिंह मा हो के सवार....<br>
एक हाथ धरे तलवार<br>
दूसर हाथ मा कटारी<br>
महिसासूर संग करै लड़ाई भारी<br>
चम चम चमके हो तलवार<br>
चले हो...।''

देवी के प्रति सेवा भावना -

नवरात्र पर्व के दौरान लोगों के हृदय में देवी के प्रति सेवा भाव सेवा की भावना कूट-कूट कर भरी होती है। माता सेवागीत में जगद्जननी के प्रति आराधक के सेवा भाव का जिक्र होता है। भक्त देवी को भौतिक वस्तुएँ अर्पित कर माता सम्मान की भावना रख सेवाभाव को और प्रबल करता है; साथ ही दूसरों को भी अपनी सेवाभावना को व्यक्त करने की कुछ इस तरह अनुरोध करता है, जो ''सेवागीत'' कहलाता है।

''गुथौ हो मालिन माईं बर फुलगजरा<br>
कउने फूल के अजरा गजरा<br>
कउने फूल के हार<br>
कउने फूल के माथ-मकुटिया<br>
सोला ओ सिंगार... गुथौ हो....<br>
चम्पा फूल के अजरा गजरा<br>
चमेली फूल के हार<br>
सेवती फूल के माथ-मकुटिया<br>
सोला ओ सिंगार...गुथौ हो मालिन...।''

**विदाई का भाव जसगीत –**

नवमीं तिथि देवी का विदाई-दिवस होता है। नौ दिनों तक माता-पुत्र एवं देवी-भक्त का संबंध कायम रहता है। सेवा, समर्पण, मान-सम्मान, भक्ति, आशीष का ही समय होता है यह नवरात्र पर्व। देवी और भक्त, अतिथि-आतिथेय सा संबंध नौ दिवस तक बनाये रखता है। अष्टमीं को हवन होता है। नवमीं के दिन देवी-प्रतिमा व ज्योत-जँवारा के विसर्जन के समय भक्तगण भाव विहल हो जाते हैं। विदाई बेला का दृश्य-चित्रण जसगीत के लोकधुन में बड़ा मर्मस्पर्शी होता है।

''तोला कइसे भेजँव दाई<br>
तोला कइसे भेजँव ना...<br>
होगे तोर जाये के बेरा<br>
रो रो के मँय मर जइहौं<br>
तोला कइसे भेजँव ओ...।''

व्याख्याता (अंग्रेजी)<br>
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 276 : महाराज दशरथ ने रानी कैकेई को दंडित करने का लिया निर्णय

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



महाराज दशरथ ने मन ही मन श्री हरि विष्णु से प्रार्थना की। वे श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी के वनवास जाने के निर्णय से अत्यंत व्यथित हैं। उन्होंने मंत्री सुमंत को आदेश दिया की श्री राम के वनवास को सुखद और सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव उपाय किए जाएं।

''सुमंत जी! 14 वर्षों तक वन में जीवन व्यतीत करने के लिए अत्यधिक मात्रा में धन की आवश्यकता होगी। यह प्रबंध किया जाए और उच्च कोटि के अश्वों तथा रथों को श्रेष्ठ घुड़सवारों और सारथियों के साथ राम के साथ भेजा जाए। राज्य के शस्त्र भंडार से श्रेष्ठ आयुधों को राम को सौंपा जाए। सशस्त्र सेना की एक टुकड़ी पुत्र राम से लगभग एक योजन की दूरी के भीतर सदैव उपस्थित रहे। पुत्री सीता को गृहस्थी की संपूर्ण सामग्रियों और अन्नभंडार से युक्त रथ सौंपा जाए।'' यह सुनकर रानी कैकेई ने कहा, ''प्रतीत होता है कि महाराज ने अयोध्या के राजकोष को रिक्त करने का निर्णय ले लिया है। क्या राम वन में ही निवास करने जा रहा है या आप वन में ही उसके लिए एक नई अयोध्या बसाने जा रहे हैं? अगर ऐसा हुआ तो यह अयोध्या के समानांतर एक और शक्ति केंद्र बनाने का प्रयत्न होगा। आपका यह निर्णय स्वीकार नहीं किया जा सकता है।अतः आप इस पर पुनर्विचार करें।''


यह सुनकर राजा दशरथ के क्रोध की सीमा न रही। उन्होंने कैकेई से कहा, ''तुम्हारा यह कथन मेरे लिए गहरा आघात है कैकेई! तुमने दो वर मांगे, जो अस्वीकार्य हैं फिर भी परिस्थितियां तुम्हारे अनुकूल हैं और राम वन को जा रहा है। अब इसके बाद तुम्हें और क्या चाहिए था? तुम राज्य के राजा के समक्ष अब एक और अप्रिय स्थिति निर्मित कर रही हो। राम के साथ संसाधन भेजने के मेरे निर्णय की अवहेलना का तुम्हारा यह प्रयास दंडनीय है कैकेई! जीवन में मुझे पहली बार ऐसी अवहेलना की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

जो मापदंड प्रजा के लिए है, वही राजा और राज परिवार के लिए भी है। अब तुम्हारे अपराध दंड की परिधि में आ गए हैं। मैं अयोध्या नरेश..'' महाराज दशरथ कैकेई के संबंध में घोषणा करने जा ही रहे थे कि श्री राम ने उन्हें रोक लिया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# महाराजा अग्रसेन संपूर्ण देश की धरोहर हैं..

- योगेश अग्रवाल



आज अग्रसेन जयंती पर विशेष...

24 सितंबर 1976 में भारत सरकार द्वारा 25 पैसे का डाक टिकट महाराजा अग्रसेन के नाम पर जारी किया गया। सन् 1995 में भारत सरकार ने दक्षिण कोरिया से एक विशेष तेल वाहक जहाज खरीदा, जिसका नाम महाराजा अग्रसेन रखा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 का आधिकारिक नाम महाराजा अग्रसेन पर है। हिसार से 20 किलोमीटर दूर महाराजा अग्रसेन राष्ट्र मार्ग संख्या 10 के किनारे स्थित अग्रोहा, अग्रवाल समाज का पांचवां धाम कहलाता है। भारत की संस्कृति, उसके इतिहास और सभ्यता के विकास में जिन महापुरुषों ने अपना योगदान दिया है उनमे से एक हैं महाराजा अग्रसेन। सम्राट अग्रसेन ने अपने पराक्रम से ना केवल विशाल गणराज्य की स्थापना की बल्कि 'एक मुद्रा-एक ईट' जैसे सिद्धांत द्वारा एक ऐसे समाजवादी व्यवस्था का आदर्श प्रस्तुत किया जो न पहले कहीं सुना गया था न बाद में किसी अन्य राज्य में दिखाई पड़ा। उस समय अग्रोहा नगर की आबादी लगभग एक लाख थी। इस नगर के सुनियोजित विकास व बढ़ती समृद्धि के कारण लोगों का आकर्षण अग्रोहा की ओर बढ़ा। व्यापार, कृषि और उद्योग के फलने-फूलने से अग्रोहा व महाराजा अग्रसेन की कीर्ति चारों तरफ फैलने लगी। अग्रोहा में बसने के लिए लोग दूर-दूर से आने लगे। जब भी नगर में बसने के लिए कोई नया परिवार आता तो यहां का प्रत्येक परिवार उसे एक मुद्रा व एक ईंट सम्मानपूर्वक भेंट करता था। एक लाख मुद्राओं से वह अपना व्यापार चला लेता और एक लाख ईंटों से अपना मकान बना लेता था। ऐसे सहयोग और समानता के कारण किसी में हीनता या छोटे-बड़े की भावना नहीं होती थी। समाज में समानता लाने और वैभव बांटने का यह प्रयास अनुपम था। इस तरह महाराजा अग्रसेन ने लगभग पांच हजार वर्षों पूर्व ही विश्व में समाजवाद की नींव रख दी थी। सम्राट अग्रसेन के जन्म, वंश एवं विवाह को लेकर विभिन्न ऐतिहासिक अभिलेखों, उत्खनन से प्राप्त मुद्राओं, शिलालेखों, पौराणिक आख्यानों व जन समुदाय में प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार सम्राट अग्रसेन वैदिक कालीन आग्रेय-गण के राजा थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की चौंतीसवीं पीढ़ी में महाराजा वल्लभ सेन के घर में आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को महाराजा अग्रसेन जी का जन्म हुआ। जिसे अग्रसेन जयंती के रूप में मनाया जाता है। महाराजा अग्रसेन ने राजतन्त्र में गणतंत्र का एक नया प्रयोग किया। उन्होंने अपने राज्य को 18 गणों में विभाजित कर गण के मुखिया को उसका अधिपति बना दिया। इस प्रकार आग्रेय गणराज्य 18 गणों का एक विशाल राज्य बन गया जिसके प्रत्येक गण का अधिपति उसी कबीले का मुखिया था और केंद्रीय शक्ति महाराजा अग्रसेन के हाथों में थी। लगभग वैसी ही व्यवस्था आज के हमारे गणतांत्रिक भारत की है. वैदिक ज्योतिष और हिंदू धर्म में 18 अंक को बहुत शुभ माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार 18 के योग से प्राप्त अंक 9 है जो गुरु से प्रभावित माना जाता है, जिसे धन और उन्नति का प्रतीक माना जाता है। मां दुर्गा और 18 की संख्या- माँ भगवती के 18 प्रसिद्ध रूप हैं। इनमें काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, कूष्मांडा, कात्यायनी, दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, गायत्री, पार्वती, श्री राधा, सिद्धिदात्री और भगवती शामिल हैं। साथ ही, मां भगवती की 18 भुजाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार 18 नंबर का महत्व- 24 जून 2024 से देश की 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हुआ। लोकसभा सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि 18वीं लोकसभा नए संकल्पों के साथ अपना कार्य करें। उन्होंने कहा कि भारत की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से जो परिचित हैं वे 18 अंक के सात्विक मूल्यों से परिचित होंगे। पीएम ने कहा कि 18 का अंक हमें कर्म, कर्तव्य और करुणा का संदेश देता है क्योंकि 18 का योग (मूलांक) 9 है. उन्होंने आगे कहा कि भारत में 18 साल की उम्र में ही वोट देने का अधिकार है। सांख्य दर्शन में 18 का महत्व- सांख्य दर्शन में मनुष्य, प्रकृति और मन के अलावा पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश पंच महाभूत हैं। कान, त्वचा, आँख, नाक और जीभ पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। इनके अलावा वाणी, हाथ, पैर, गुदा और जननेन्द्रिय 5 अन्य कर्मेन्द्रियां हैं। इन सभी की कुल संख्या भी 18 होती है। श्री कृष्ण और 18 की संख्या- गीता ने मानव जाति को जीवन का सार समझाया, इसमें 18 अध्याय हैं। यह भी आश्चर्यजनक कि गीता में 18 हजार श्लोक हैं। समय भी 18 प्रकार का होता है- समय की गति यानी कालचक्र भी 18 प्रकार होते हैं। इनमें एक संवत्सर, पांच ऋतुएं और 12 महीने शामिल हैं। ये सभी मिलकर 18 तरह के काल यानी समय का निर्धारण करते हैं। 18 प्रकार की विद्याएं- सनातन धर्म में छह वेदांग और चार वेद हैं। इनके साथ ही मीमांसा, न्यायशास्त्र, पुराण, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र, आयुर्वेद, धनुर्वेद और गंधर्ववेद मिलकर 18 प्रकार की विद्याएं हैं। सिद्धियों और पुराणों की संख्या 18 - सनातन धर्म में 18 पुराण है। धर्म से जुड़ी सिद्धियों की कुल संख्या भी 18 है। इनमें अणिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, सिद्धि, ईशित्व या वशित्व, सर्वकामावस्या, सर्वज्ञता, दूरश्रवण, सृष्टि, परकायाप्रवेशन, वाक सिद्धि, कल्पवृक्षत्व, संहार क्षमता, भावना, अमरता, सर्व न्यायाक्त्वा शामिल हैं। व्यावसायिक जगत और समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रवाल समाज देश की रीढ़ की तरह है। उच्च गुणवत्ता के धार्मिक साहित्य को बहुत कम कीमत में घर-घर पहुंचाने वाला गोरखपुर स्थित गीता-प्रेस अग्रवालों की ही देन रही है। अग्रवाल समाज में अनेक व्यक्तित्व हुए जिन्होंने सेवा, साहित्य और उद्योग से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के शिखर को छुआ है. अग्रवाल समुदाय से भारत रत्न, पद्मविभूषण, पदभूषण, पद्मश्री, वीर चक्र से सम्मानित व गिनीज बुक वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर्स भी हैं.किसी भी समाज या राष्ट्र के विकास को राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक क्षेत्रों के विकास से तय की जाती है. महाराजा अग्रसेन ने भी इन्हीं चारों स्तंभों को सुदृढ़ करके उन्नत राष्ट्र की नींव रखी। भयानक सूखा और अकाल जैसी प्राकृतिक आपदाओं, राजनैतिक षणयंत्रों और बाहरी आक्रमणों की अंतहीन भयानक परिस्थितियों के बीच भी अपनी आत्मशक्ति और कर्मनिष्ठा के साथ अग्रसेन जी डटे रहे. किसी भी महापुरुष को किसी एक जाति या समाज से बांधकर नहीं रखा जा सकता। वे संपूर्ण राष्ट्र की धरोहर होते हैं। महाराजा अग्रसेन भी संपूर्ण भारतवर्ष की धरोहर हैं.

## राशिफल

**मेष** – आज तकदीर आपके साथ रहेगी। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों को अपनी बात समझाने में सफल रहेंगे। साथ ही अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे, जो आपकी क्षमताओं से प्रभावित होकर आपके विकास के लिए नए रास्ते खोलेंगे।

**वृषभ** – आज आपका दिन शानदार रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी की मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें। आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करेंगे तो आपके लिए बेहतर होगा। आपको इससे काफी फायदा होगा।

**मिथुन** – अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपका अच्छा व्यक्तित्व समाज में आपकी अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के ठेकेदार के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है।

**कर्क** – आज का दिन आपको अपने काम को बेहतर ढंग से करने के लिए शुभ है। आज कार्य की सफलता के लिए काम के तरीकों में बदलाव की जरूरत है, जिससे आपके काम जल्द होंगे और आपको राहत महसूस होगी। आज किसी शो में गाने का ऑफर मिलेगा। जिससे आपके करियर की अच्छी शुरुआत होगी।

**सिंह** – आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश होकर आपको ईनाम स्वरुप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट करेंगे। हो सकता है कि आपका प्रमोशन भी हो जाए। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज अपने लवमेट के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**कन्या** – आज आपके मन मे नए- नए विचार आयेंगे। आपके नए विचारों से आपके आस-पास के लोग प्रभावित होंगे। साथ ही आपकी सराहना करेंगे। यदि आप कुछ नया करने के लिए सोच रहे हैं, तो नया कौशल और तकनीक सिखने का प्रयास करें। जीवनसाथी का सहयोग आज आपके कामों में कारगार साबित होगा।

**तुला** – आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप बहुत सरलता से घर के काम बिना थकान के पूरा करेंगे। बेहतर परिणामों के लिए खुद पर भरोसा रखें। साथ ही अपना व्यवहार कार्यों के प्रति अनुकूल बनाए रखें। इस राशि के जो लोग प्राइवेट नौकरी करते है आज वो कुछ ऐसा करेंगे जिससे कंपनी को अच्छा धन लाभ होगा।

**वृश्चिक** – आगे बढ़ने के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स की तरक्की में कई दिनों से आ रही रूकावटें आज दूर हो जाऐंगी। साथ ही पहले से बनाई हुई योजनाएं आज पूरी हो जाऐंगी। इस राशि के बिल्डर्स के लिए आज का दिन शुभ है। आज धनलाभ होगा साथ ही नया कॉन्ट्रेक्ट भी मिल सकता है।

**धनु** – आज आपको नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अगर आप नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। साथ ही अवसरों का ध्यान रखे और उनको हाथ से जाने न दें। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लाईफ में आने वाली समस्याएं सहजता से हल होंगी।

**मकर** – आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी आपके कंधे पर आएगी। आज आपके सामने आयी सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता आपके कदम चूमेगी। इस राशि के ड्राई क्लीनर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहेगा। आज आप जिन कार्यों को पूरा करने का प्रयास कई दिनों से कर रहे है, उन्हें पूरा करने में सफल होंगे। अगर आपका काम करने का तरीका सही है तो आपको अपनी कामयाबी हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता है। आज धनलाभ होने की संभावना बन रही है।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपकी सारी इच्छाएं पूरी होंगी। इस राशि के इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। आगे बढ़ने के लिए आपके पास बेहतर डिग्री और विकल्प उपलब्ध रहेंगे। आज रोजगार में परिवर्तन होने की संभावना है।

## सामयिक चर्चा

### संस्कारधानी की खबर

उठाकर अखबार,<br>
बानी बोले-''हमारे नगर निगम की<br>
अंतिम सामान्य सभा की<br>
खबर सुनिए यार!<br>
मुद्दे दरकिनार,<br>
आरोप-हंगामे तक सिमटी<br>
सामान्य सभा।<br>
पार्षदों के बीच हुई हाथापाई।<br>
और मालूम, एक पार्षद ने तो....।''<br>
तभी क्षुब्ध होकर, बोल उठे गजाधर-<br>
आगे मत पढ़ो,<br>
हमारा नगर संस्कारधानी है भाई!



गिरीश बख्शी

# मां बम्लेश्वरी क्वांर नवरात्रि मेला में 800 से अधिक पुलिस कर्मी ड्यूटी में तैनात

डोंगरगढ़(दावा)। 3 से 12 अक्टू.तक मां बम्लेश्वरी क्वांर नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु लाखों की संख्या में श्रद्वालु गणों के आने की संभावना है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्वांर नवरात्रि पर्व मेला ड्यूटी में तैनात जवानों को ब्रीफ कर ड्यूटी का वितरण किया गया। पुलिस जवान अंजोरा बाईपास से डोंगरगढ़ मेला स्थल तक ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। दर्शनार्थियों की सुरक्षा में -20 चारपहिया वाहन , 15 मोटर सायकल एवं 15 पैदल पेट्रोलिंग पार्टी को तैनात किया गया है। यातायात व्यवस्था में कुल 300 पुलिस बल तैनात रहेंगे। यात्रियों के लिए 10 जगह पार्किंग की व्यवस्था रहेंगी। नीचे मंदिर से उपर मंदिर तक एवं विभिन्न चौक चौराहों में फिक्स पिकेट बल तैनात किया गया है।

यात्रियों को सुचारू रूप से दर्शन कराने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु ऊपर मंदिर गर्भगृह, रोपवे नीचे एवं ऊपर, ऊपर मंदिर से नीचे तक सीढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था, क्षीरपानी में प्रवेश द्वारा से ड्रापगेट एवं रोपवे तक, गोताखोर पार्टी, बुढादेव मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ क्षीरपानी में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। इस अवसर पर अति.पु. अधीक्षक (ऑप्स), राज. मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव



राहुल देव शर्मा, डी.सी. पटेल, अति0पुलिस अधीक्षक एमएमएसी, गोपीचंद मेश्राम, उपुअ रामानुजगंज, डॉ0 संगीता माहिलकर, उप सेनानी, 14वीं वाहिनी, छसबल बालोद, श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, आशीष कुंजाम, पु.अनु.अधि. डोंगरगढ़, उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजनांदगांव, श्रीमती अंजली येरेवार, उप पुलिस अधीक्षक, पीटीएस राजनांदगांव, अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, अजीत सिंह यादव, 14वीं वाहिनी छसबल बालोद, भरत लाल ध्रुव, सहायक सेनानी, 08वीं वाहिनी छसबल राजनांदगांव, संतोष झारिया, सहायक सेनानी, एपीटीएस बोरगांव, श्री बद्रीनाथ मिश्रा, सहायक सेनानी, 17वीं वाहिनी छसबल कबीरधाम, संतराम नेताम, सहायक सेनानी, 16वीं वाहिनी छसबल नारायणपुर, गोरखनाथ प्रसाद, सहायक सेनानी, 07वीं वाहिनी छसबल भिलाई एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मेला पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है। जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें लगभग 800 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है। जिसे क्षीरपानी परिसर में गजेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, पीटीएस राजनांदगांव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मां बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# आज भव्य कलश यात्रा के साथ होगा शत् चण्डी यज्ञ का शुभारंभ

**श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति की स्थापना के 75वें वर्ष पर होगा कार्यक्रम**



राजनांदगांव (दावा)। श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति शक्तिधाम दुर्गा चौक राजनाँदगांव के स्थापना के 75वाँ वर्ष (हीरक जयंती) होने के उपलक्ष्य में क्वांर नवरात्रि पर्व में दुर्गा पूजा के साथ बनारस के विद्वान आचार्यो एवं पंडितों, पं. श्री श्याम उपाध्याय की उपस्थिति में शत् चण्डी महायज्ञ का धार्मिक आयोजन दुर्गा पंडाल प्रांगण दुर्गा चौक में आज 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है। आज प्रथम दिवस बग्घी, बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा सुबह 10 बजे से निकाली जायेगी। आयोजन समिति के द्वारा उक्त कलश यात्रा में समस्त भक्तजनों को शामिल होने की अपील की गई है। समिति द्वारा शत् चण्डी महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु दिनांक- 08/09/2024 दिन रविवार को पं. आचार्य अनिल तिवारी पनेका वाले राजनांदगाँव के सानिध्य एवं समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया जा चुका है। 9 दिनों तक चलने वाले इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गणमान्य आम नागारिको तथा भक्तजनों से अपील की गई है। उक्त जानकारी समिति के सचिव रितेश देवांगन द्वारा दी गई है।

# पहला कॉलम...

## संसद में गांधी-शास्त्री को श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर दो अक्टूबर को संसद भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सांसद सोनिया गांधी, सांसद प्रेमचंद्रन, राजीव शुक्ला, मिथलेश कुमार के साथ राजनांदगांव के पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने गांधी-शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और दोनों महापुरूषों के योगदान का स्मरण किया गया।

## मेटेपार के ग्रामीणों ने गांव में चलाया स्वच्छता अभियान



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी विकासखंड अंतर्गत ग्राम मेटेपार में ग्रामीणों ने गांधी जयंती के अवसर पर पूरे गांव की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। ग्रामीणों ने कहा स्वच्छता तो बहुत जरूरी है हमारे आसपास साफ सफाई रहने से हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। स्वच्छता के लिए एक दिन ही चुनकर करना सही नहीं बल्कि हमें ये संकल्प लेकर प्रतिदिन स्वच्छता की ओर ध्यान देना चाहिए और लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिनकापार में गांधी जयंती मनाई गई



हरदी (दावा)। गांधी जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार में वृक्षारोपण किया गया एवं मरीजों को फल वितरण किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत में साफ सफाई किया गया। भाजपा कार्यकर्ता दिलेश्वर भुआर्य, शुभम देशमुख, जाग्रत देवांगन, रमेश जगनायक, लोकेश देवांगन, सरपंच सोमिन भुआर्य, सचिव बलदाऊ देवांगन, रोजगार सहायिका सीमा राजपूत, पंच लोमिन गांवरे, नेमिन भुआर्य, बिंदा बाई, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. उदय तिवारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे। साथ में विशेष रूप से स्वच्छता ग्राही कमला शेंडें, ममता मारकंडे, किरन मोइये, गीता जोशी, पूर्णिमा मौजूद रही।

## मनेरी विद्यालय में न्यौता भोज का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय मनेरी विकासखंड डोंगरगांव में 1 अक्टूबर को न्यौता भोज रोशन वैष्णव सेवानिवृत्त प्रधान पाठक द्वारा दिया गया जिसमें खीर पूड़ी सभी बच्चों को खिलाया गया, साथ ही प्राथमिक विद्यालय मनेरी में भी न्योता भोज श्रीमती दिव्या साहू डोगेंद्र साहू द्वारा अपनी पुत्री कुमारी पूजा साहू के जन्मदिन की खुशी में बच्चो को खीर पूड़ी खिलाई गई। इस अवसर पर विकाश खण्ड शिक्षा अधिकारी आर एल पातरे, रोशन वैष्णव, प्रभारी प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक नीलमणी साहू, शिक्षिका खेमलता खरे, भुनेश्वरी कोर्राम, विनोद शर्मा, माधव साहू, पुनम जोशी, प्रधान पाठक सरस्वती सिन्हा, सुमन यादव, नीता साहू, भुनेश्वर चंद्रवंशी,, डोगेंद्र साहु, लीला बाई, चंद्र कुमार, एसएमसी सदस्य छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# चंद्रगिरी में सामूहिक क्षमावाणी एवं अहिंसा दिवस मनाया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रातः स्मरणीय संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज जी एवं नवीन आचार्य 108 श्री समयसागर महाराज जी के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ के प्रथम नवोदित श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय महातीर्थ क्षेत्र डोंगरगढ़ में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 2 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार को छत्तीसगढ़ स्तरीय सामूहिक क्षमावाणी एवं अहिंसा दिवस के रूप में मनाया गया। दोपहर 2 बजे आचार्य श्री कि समाधिस्थल पर आचार्य भगवन कि पूजन बाल ब्रह्मचारी नितिन भैया जी (खुरई) एवं बाल ब्रह्मचारी दीपक भैया जी (टेहराहा) के मार्गदर्शन में गाजे - बाजे के साथ हर्षोलाश के साथ कि गयी। दोपहर 3 बजे से प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ कि बालिकाओं एवं जैन समाज डोंगरगढ़ के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मनमोहक नृत्य एवं नाटक कि प्रस्तुति छात्राओं और बच्चों द्वारा दी गयी एवं विद्यागुरु संस्मरण सभा का आयोजन किया गया जिसमे गुरु भक्तों ने गुरूजी के ससंघ सानिध्य में बिताये वो दुर्लभ पलों को यादकर अपने-अपने संस्मरण सुनाये 7 शाम 4 बजे से सामूहिक क्षमा याचना शुरू हुई जिसमे सभी ने एक दूसरे से क्षमा मांगी कि जाने-अंजाने में कोई कार्य से दुःख पहुचाया होगा तो उसके लिये क्षमा करना आदि एवं शाम 5 बजे से सामूहिक वात्सल्य भोज हुआ।

श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन ने छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, तिल्दा, बिलासपुर, भाटापारा, अकलतरा, आदि एवं अन्य प्रदेश से आये सभी दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने सम्पूर्ण समाज के साथ अपनी उपस्थिति दी एवं उक्त कार्यक्रम को सफल बनाया।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में मनाई गई गांधी जयंती और विद्यार्थियों ने किया गांधी जी के आदर्शों का पालन



राजनांदगांव (दावा)। उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी संस्था रॉयल किड्स कान्वेंट के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने गांधी जयंती के अवसर पर पुराने बस स्टैंड में स्थित गांधी जी की मूर्ति के सामने पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, खूबचंद पारख एवं लायंस क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात रॉयल किड्स के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देकर माल्यार्पण किया और भजन-रघुपति राघव राजा राम, वैष्णो जन तो तेने कहिए गाकर गांधी जी को याद किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन और आदर्शों के बारे में चर्चा की और उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लिया।

विद्यार्थियों ने गांधी जी के स्वच्छता के आदर्शों को अपनाते हुए उनकी मूर्ति के आसपास की जगह की साफ-सफाई की और लोगों को संदेश दिया कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रॉयल किड्स कान्वेंट के एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने कहा, गांधी जी के आदर्श हमारे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी गांधी जी के मूल्यों को अपने जीवन में लागू कर रहे हैं।

शाला के डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को गांधी जी के जीवन के बारे में जानकारी दी और उनके आदर्शों को अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित किया। गांधी जी के सिद्धांतों को अपने जीवन में लागू करने के लिए यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है । इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ सविता जे बी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह बरसर, आई के वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती सुषमा शुक्ला, श्रीमती ममता मिश्रा, गोपाल साहू, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा व शिक्षक शिक्षिकाओं ने गांधी जयंती के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी।

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत व्यवहार न्यायालय खैरागढ़ में की गई साफ सफाई

**साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं - डीजे कश्यप**




खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं सुषमा सावंत अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय खैरागढ़ में बुधवार 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने कहा कि साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। स्वच्छता जरूरी है,क्योंकि साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। स्वच्छता का अर्थ है सफाई से रहने की आदत। सफाई से रहने से जहां शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं स्वच्छता तन और मन दोनों की खुशी के लिए आवश्यक है। स्वच्छता, सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर पूरे कोर्ट परिसर की साफ सफाई की गई। जिसमें अपर सत्र जिला एवं पर सत्र न्यायाधीश चंद्र कुमार कश्यप मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग, जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास गुरु प्रसाद देवांगन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, सर्वेश ओसवाल, भुनेश्वर वर्मा, पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू, कला प्रजापति, न्यायिक कर्मचारीगण व्यास नारायण राठौर, मनोहर देवांगन, प्रशन्न श्रीवास्तव, आर.के.लांझकर, ईलेश देवांगन, धनंजय सेवेलकर, रोहित साहू, अमरनाथ जयसवाल, सिद्धार्थ तिवारी, संतोष बारले, भुनेश्वर कौशिक, राजेश खरे, विनय सोनी, मनीष गुप्ता, पूजा बनसोड, भुवनेश्वर कंवर, राजेश साहू , उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों को विक्रांत ने दिलाई भाजपा की सदस्यता



खैरागढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह जनता के बीच पहुंचकर उन्हें सदस्यता दिला रहे हैं। विक्रांत सिंह संगठन के तय लक्ष्य को पूरा करने रोजाना लोगों के बीच पहुंचकर पार्टी की रीति-नीति से उन्हें अवगत कराकर सदस्य बना रहे हैं। स्वयं विक्रांत सिंह के मैदान में उतरने से कार्यकर्ता उत्साहित नजर आ रहे हैं। प्रदेश संगठन द्वारा निर्धारित सदस्यता और पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य को पार करने के लिए विक्रांत सिंह जरूरी दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। इसी कड़ी में दिव्यांगजनो ने भाजपा की सदस्यता अभियान के तहत भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए विक्रांत सिंह के पास पहुँचे जहां श्री सिंह ने दिव्यांगजनो को भाजपा की सदस्यता दिलाई दिव्यांगनो ने विक्रांत सिंह को बताया कि भाजपा सरकार बनते ही महिलाओ को हर महीने एक हजार रुपये महतारी वंदन योजना के तहत सीधे बैंक खाते में पहुँच रही है जिससे महिलाएं काफी उत्साहित है साथ ही दिव्यांगजनो ने यह भी बताया कि दिव्यांगों को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल मिलने से आसानी से कही भी आने जाने में सहूलियत मिल रही है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह, आलोक श्रीवास, आशीष साहू, जयप्रकाश साहू, रेखचन्द वर्मा सहित भाजपाई उपस्थित थे।

# संध्या महाआरती, पर्यावरण, सनातन संस्कृति के साथ पदयात्री सेवा




राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी मां बम्लेश्वरी संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल की कार्यकारिणी की घोषणा सर्वसम्मति से श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में की गई। उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खण्डेलवाल ने बताया कि कार्यकारिणी में पुरूष अध्यक्ष संदेश जैन व महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु खण्डेलवाल व सचिव पद पर सूरज गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण व सनातन संस्कृति के साथ प्रतिदिन पदयात्रियों की सेवा की जावेगी। प्रतिदिन ढ़ोल नगाड़ो के साथ संध्या ठीक 7 बजे भगवान भोलनाथ शिवजी व दुर्गा माता जी की महाआरती की जावेगी। नगर के सभी नागरिक गणों माताओं बहनों, भक्तों, सेवा, सामाजिक संस्थाओं को अधिक से अधिक सेवा कार्य में तन, मन, धन से सहयोग करने व यथास्थितिअपना समय देने का व सेवा स्थल श्री बागेश्वर धाम मंदिर पहुँचने व पदयात्री सेवा का आग्रह किया है।

माँ बम्लेश्वरी देवी पदयात्री, सेवा पंडाल की घोषित कार्य कारिणी इस प्रकार है। संरक्षक- डॉ.डी.सी.जैन, श्रीमति शारदा तिवारी, रमेश जैन, सुशील कोठारी, दीपक, बुद्धदेव, कैलाश चंद गुप्ता, सोहनलाल गुप्ता, हरजीत सिंह भाटिया। संयोजक- पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, राकेश ठाकुर(शनिधाम), निंकुज सिंघल, योगेश साहू (गायत्री)। सेवा संयोजक- राजेश शर्मा (पूर्व सैनिक), भावेश अग्रवाल (गंगई), हेमंत तिवारी (आस्था), महेन्द्र जंघेल (जीवनदान)। अध्यक्ष- संदेश जैन। महिला अध्यक्ष- श्रीमति मधु खण्डेलवाल। स्वागत अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, प्रतिभा खंडेलवाल, राहुल अग्रवाल, हरीश गांधी। उपाध्यक्ष- मंयक शर्मा, कैलाश गुप्ता, मौसमी शर्मा, मधु अग्रवाल। सचिव- सूरज गुप्ता, सहसचिव- प्रशांत अग्रवाल, रितेश यादव, सौरभ गुप्ता गोल्डी, नरेन्द्र खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष- महेश शर्मा, उपकोषाध्यक्ष- मनीष यादव, भंडार भोजन प्रसाद प्रभारी- सोहन लाल गुप्ता, अजय गुप्ता, विकास नारायण। पदयात्री सेवा प्रभारी- शरद गुप्ता, राकेश इंदुभूषण ठाकुर, विकास गुप्ता, गणेश गुप्ता मंच व्यवस्था प्रभारी- अमलेन्दु हाजरा, शैलेन्द्र तिवारी, राज गुप्ता। पूजन प्रभारी- रामावतार जोशी, विजय गुप्ता, गोंविद जोशी, श्रीमति कांति मौर्य, अर्चना अग्रवाल, रंजना शर्मा, पर्यावरण स्वच्छता प्रभारी- विनय साहू, प्रांजल गुप्ता, राकेश साहू, ममता शर्मा, रोशन ब्योहरे, रंजना शर्मा चिकित्सा प्रभारी- डॉ. मिथिलेश शर्मा, डॉ. अनिरूद्ध गांधी, डॉ योगेश चावड़ा, डॉ.क्रांति गुप्ता, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. दिलेश्वर साहू। प्रचार-प्रसार प्रमुख- अनिल त्रिपाठी, ईश्वर साहू, आत्माराम कोशा। तिलक प्रभारी- अरविंद गुप्ता, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, आशा गुप्ता, साधना तिवारी, माया अग्रवाल, रंजना गुप्ता, शोभा चोपड़ा, अर्चना अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सुखमन पुरोहित। प्रसाद वितरण प्रभारी- श्रीमती ज्योति गुप्ता, वंदना गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, कीर्ति अग्रवाल। उक्त जानकारी मां बम्लेश्वरी सेवा पंडाल के प्रवक्ता ईश्वर साहू द्वारा दी गई।

# कबड्डी खेल से तन, मन का विकास संभव - मधुसूदन




छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम मोरकुटुंब में युवा खेल मंडल द्वारा आयोजित एक दिवसीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व समस्त अतिथियों का ग्रामीणों ने जोरदार बाजेट्ठगाजे के साथ स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यरूप से रविंद्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा, अजय पटेल अध्यक्ष मंडल भाजपा, संजय कुमार सिन्हा महामंत्री मौजूद रहे। कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व फीता काटकर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि कबड्डी एक प्राचीन खेलों में से एक है, इस खेल से व्यक्ति का तन, मन का विकास संभव है। आज इस खेल को लोग पहले से भी अधिक खेलने लगे है और काफी लोकप्रिय खेलों में प्रसिद्ध है। इस कार्यक्रम को रविंद्र वैष्णव, मयाराम साहू, हरदेव कतलम, हाईस्कूल के अध्यक्ष ने यादव जी से हाईस्कूल भवन बनाने की मांग रखी जिस पर श्री यादव ने अतिशीघ्र कराने की बात कही उपरोक्त नेताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अजय पटेल अध्यक्ष मंडल भाजपा, संजय कुमार सिन्हा महामंत्री,मायाराम साहू, आलोक मिश्रा, कांताराम साहू, हिरेंद्र साहू, राजेश्वर ध्रुवे, भूखन धनकर, श्रीमती रेखा कुंजाम सरपंच, हरदेव कतालम, सुरेश शोरी, गैंदलाल ओटी, सुंदर मंडावी सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


शक्ति के वंदन का माह
महतारी वंदन की राह
₹1000
खुशियों के नोटिफिकेशन का 8वां माह
महिलाओं को समर्पित होगा
हर पंचायत में बनने वाला
महतारी सदन
संवाद:- 41623/34
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय
से जुड़ने के लिए
QR CODE स्कैन करें
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# ओबीसी जनगणना के लिए ओबीसी महासभा ने निकाली विशाल मशाल रैली



राजनांदगांव (दावा)। ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई के आव्हान व ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, प्रदेश महासचिव एवं अधिवक्ता महेन्द्र वर्मा, सहसचिव पुनेश्वर देवांगन एवं मनसुखदास साहू, बालोद ब्लाक अध्यक्ष पवन साहू की उपस्थिति में राजनांदगांव जिला ओबीसी महासभा के अध्यक्ष अधिवक्ता नरेश गंजीर व महिला अध्यक्ष श्रीमती कांति मौर्य के नेतृत्व में ऊर्जावान कार्यकर्ताओं एवं सभी ओबीसी समाज के जिला अध्यक्षों, ब्लाक अध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों के द्वारा दिनांक 30 सितंबर को सांय 5.30 बजे मशाल रैली के साथ जयस्तंभ चौक राजनांदगांव से प्रारंभ कर मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा चौक होते हुए जीई रोड़ चलते हुए भदौरिया चौक से कलेक्टर कार्यालय जाकर कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी अतुल विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें ओबीसी समाज में से साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू, देवांगन समाज के नगर अध्यक्ष दयावान देवांगन, लोधी समाज के शहर अध्यक्ष चेतन वर्मा, यादव समाज के संरक्षक शीलू यादव, निषाद समाज के संरक्षक विजय लाल निषाद, गडरिया पाल समाज के जिला अध्यक्ष खिलेश्वर पाल, सिन्हा कलार समाज के संरक्षक दीपक ड़डसेना, लोहार विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष राधेलाल विश्वकर्मा, नगर साहू समाज के अध्यक्ष कुलेश्वर दास साहू, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के संयोजक भागवत साहू, लक्ष्मीकांत साहू, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुदेश टीकम, मदन साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन, जोहार पार्टी के शहर अध्यक्ष लेखू साहू, महेश कुमार यादव, इंजी. जीआर देवांगन, छगन साहू, नरेंद्र विश्वकर्मा शिवशंकर, संदीप कोलहटकर, प्रहलाद फुले, वासुदेव, कुंती साहू, दिलेश्वरी रावटे, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के हुकुमचंद बांधे सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। ओबीसी समाज के लिए दो प्रमुख मांगों जिसमें से छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने एवं ओबीसी समाज का राष्ट्रीय जनगणना कराने का, अजाक्स राजनांदगांव के प्रमुख डॉ. प्रोफेसर के.एल. टांडेकर, सिद्धार्थ चौरे, श्री अनोखे अपने पदाधिकारियों सहित प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर ओबीसी महासभा को समर्थन देते हुए सभा को संबोधित किया।

ओबीसी समाज के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने हाथों में मशाल लेकर अजा, अजजा एवं पिछड़ा वर्ग पर हो रहे अत्याचार व हिंसा को रोकने तथा अपने 21 सूत्रीय मांगों की तख्ती लेकर जय ओबीसी-जय संविधान, सारे अजा-अजजा व ओबीसी एक समान, ओबीसी जनगणना कराना होगा, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को 27 प्रतिशत आरक्षण विधेयक में हस्ताक्षर करना होगा, आदि मांगों की नारे व जयकारे के साथ भारी से भारी संख्या में चलकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धजन दिवस मनाया गया

डोंगरगढ़ (दावा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा डोंगरगढ़ के ग्राम जीवन आनंद वृद्धा आश्रम बछेराभाटा में वृद्धजन दिवस मनाया गया।



असक्त माता पिता अपने पुत्र और पुत्री से भरण-पोषण प्राप्त करने के हकदार है - अध्यक्ष अनीश दुबे

इस शिविर में तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अनीश दुबे जी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी भूपत सिंह साहू एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी शैलेश कुमार वशिष्ठ मार्गदर्शन में मंगलवार को विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

वृद्धजन दिवस पर वृद्धजन को विधिक साक्षरता संबंधी शिक्षा प्रदान किया गया। अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि जो व्यक्ति स्वयं अपना भरण पोषण करने में असमर्थ हैं। माता-पिता का भरण-पोषण करना प्रचीन काल से ही पुत्रों का दायित्व माना गया है। भरण पोषण अधिनियम के तहत यदि माता-पिता अपनी आय अथवा अन्य संपत्ति से स्वयं अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ हों तो वृद्ध अथवा असक्त माता पिता अपने पुत्र और पुत्री से भरण-पोषण प्राप्त करने के हकदार है। साथ ही विधिक सहायता एवं सलाह योजना एवं महिला सशक्तिकरण को परिभाषित करते हुए महिलाओं को सशक्त बनने के रास्ते सुझाए गए। इस अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन साक्षरता शिविर में पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय एवं पवन कुमार उपस्थित रहे।

साहू समाज की अनुकरणीय पहल

# जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश के लिए निशुल्क कोचिंग

**डोंगरगढ़(दावा)। लाल बहादुर नगर तहसील साहू संघ द्वारा बच्चों की शिक्षा के लिए अनूठी पहल की गई है। आगामी 2 अक्टूबर से मां कर्मा भवन लाल बहादुर नगर में कक्षा पांचवी के अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए नवोदय प्रवेश परीक्षा का नि:शुल्क कोचिंग प्रारंभ किया जा रहा है।**

उक्ताशय की जानकारी देते हुए तहसील साहू संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर को तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर के संयोजन में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ के संयुक्त तत्वाधान व मार्गदर्शन में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए नि:शुल्क कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया जा रहा है।

2 अक्टूबर बुधवार को मां कर्मा भवन लाल बहादुर नगर में सभी समाज के ऐसे बच्चों को जो कक्षा पांचवी में अध्यनरत है और जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा का फॉर्म भर चुके हैं। उन्हें निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए समाज के कमलदास साहू मोतीपुर पवित्र साहू शिक्षक राजेंद्र साहू भोथली शिक्षक घनश्याम साहू शिक्षक अश्वनी साहू व शिक्षक मनोज साहू के द्वारा पहल की गई है। ये सभी शिक्षक समाज के ऐसे बच्चों को जो जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाना चाहते हैं, नि:शुल्क कोचिंग देंगे। समाज के इस निर्णय की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

# बुजुर्गों का सम्मान पूरे वर्ष भर होना चाहिए - सुधांशु महाराज

**डोंगरगढ़(दावा)। विश्व जागृति मिशन की स्थानीय इकाई ने मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज की सदप्रेरणा से प्रारंभ किए गए श्रद्धा पर्व को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्थानीय अग्रसेन भवन में आयोजित किये गए कार्यक्रम में वृद्धजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदगुरुदेव सुधांशु महाराज के चित्र पर पूजन अर्चन व दीप प्रजवलन कर किया गया।**

सर्वप्रथम सदगुरुदेव की वाणी का श्रवण उपस्थित जनों ने किया। तत्पश्चात भजनों का कार्यक्रम मंथीर दास साहू हंसराज साहू, श्रीमती साहू व सुमन खेमुका के भजनों से हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए समिति के प्रधान एन आर देवांगन ने श्रद्धा पर्व व श्राद्ध पर्व के बारे में जानकारी दी संयोजक गोपाल खेमुका ने बताया कि 1997 से सुधांशु महाराज ने बुजुर्गों के सम्मान के लिए श्राद्ध पर्व को श्रद्धा के रूप में मनाने 2 अक्टूबर को बुजुर्गों के सम्मान का कार्यक्रम चलाया। जिसे देश-विदेश में सैकड़ों मंडल प्रतिवर्ष करते आ रहे हैं।

डोंगरगढ़ में भी 2006 से लगातार यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। जिसमें बुजुर्गों को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद लिया जाता हैं। सुधांशु महाराज ने कहा कि कार्यक्रम तो हम एक दिन मनाते हैं किंतु बुजुर्गों का सम्मान पूरे वर्ष भर होना चाहिए हम अपने बुजुर्गों को जो अब इस दुनिया में नहीं है श्राद्ध के रूप में प्रतिवर्ष 15 दिनों तक याद करते हैं किंतु उन्हें भूल जाते हैं जो जीवित है और सम्मान के हकदार हैं। इसलिए श्राद्ध को श्रद्धा के रूप में मनाना चाहिए और अपने जीवित माता-पिता व समाज के



धूमधाम से मना श्रद्धा पर्व, किया बुजुर्गों का सम्मान

बुजुर्गों को सम्मानित करना चाहिए। वहीं माता-पिता का दायित्व है कि वे बच्चों के साथ लोह पुरुष की तरह खड़े रहे व उनका मार्गदर्शन करें माता-पिता ही बच्चों के अंदर करुणा दया व ममता भरते हैं हमारा भी दायित्व है कि हम बच्चों को अच्छा इंसान बनाएं संसार में यह शाश्वत सत्य है की बचपन के बाद जवानी व बुढ़ापा सभी को आना है मनुष्य के जीवन में पहले गुरु माता-पिता दूसरा गुरु भगवान तथा तीसरा शिक्षक है। उपस्थित सभी बुजुर्गों ने इस आयोजन के लिए सुधांशु महाराज के प्रति आभार व्यक्त किया। मिशन के साधकों एवं युवाओं ने बुजुर्गों का सम्मान किया।

### अनेक बुजुर्गों को किया गया सम्मानित

इस वर्ष रेलवे से सेवानिवृत द्वारका प्रसाद दुबे, ग्राम अछोली के फिरंगी राम पटेल, स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्ति आरडी साहू श्रीमती जमुना साहू केदारबाड़ी से बुधराम गजभिए राधेश्याम अग्रवाल श्रीमती हीरामणि अग्रवाल माटेकटा के उदय सिंह, माखनलाल, जगतलाल, पुरुषोत्तम बहलराम व बुधवारी पारा की श्रीमती सुरजाबाई साहू के साथ-साथ प्रधान एन आर देवांगन, श्रीमती सोनसीर देवांगन, द्वारका प्रसाद शर्मा, रमेश बहेकर, भागचंद चंद्रवंशी, आरन सिंह ठाकुर, बालाराम साहू, हंसराज साहू, संवल सिंह सहारे, भागचंद चंद्रवंशी, मंथीर दास साहू, पीआर गजेंद्र, श्रीमती गजेंद्र को सम्मानित किया गया। साधकों ने उनके चरण धोकर आरती उतारी माल्यार्पण किया उन्हें सम्मान स्वरूप वस्त्र भेंट किया पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। यह सिलसिला जब शुरू हुआ तो बुजुर्गों की आंखें छलक उठी श्रीफल भेंठकर उनका सम्मान किया गया, यह सिलसिला घंटे भर तक चलता रहा। सम्मान के पश्चात आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया।

इस दौरान मिशन के अजय सिंह ठाकुर, संतोष टेमरे, गोपाल खेमुका, आयुष खेमुका, श्रीमती सुमन खेमुका, सुश्री किरण नरेड़ी, सुश्री लक्ष्मी देवांगन, सतीश यादव, श्रीमती यादव, कन्हैया लाल अग्रवाल, डॉ बी पी चंद्राकर, जगिन चंद्रवंशी, कैलाश अग्रवाल, मनीष साहू, श्रीमती साहू लतमर्रा के साधक दयाल राम, सुरेश सहारे, माटेकटा के साधक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल पर राजभाषा पखवाड़ा-2024 का समापन



राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्या रेलवे, नागपुर मंडल पर दिनांक 14.09.2024 से 27.09.2024 तक राजभाषा पखवाड़ा समारोह-2024 मनाया गया। राजभाषा पखवाड़ा के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा अधिकारियों के लिए शुद्ध हिंदी लेखन और हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए हिंदी टिप्पेण एवं आलेखन प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी वाक् प्रतियोगिता तथा हिंदी दिवस पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में रेल अधिकारियों एवं रेलकर्मियों ने पूरे उत्साह से प्रतिभाग किया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अलग-अलग हिंदी कार्यशालाओं, टेबल ट्रेनिंग एवं राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया तथा उनके दैनिक कार्यों में आ रही कठिनाइयों का निवारण किया गया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के संपन्न होने के पश्चात दिनांक 27 सितंबर को राजभाषा पखवाड़ा-2024 के समापन समारोह के अवसर पर श्रीमती नमिता त्रिपाठी, मंडल रेल प्रबंधक के कर-कमलों द्वारा विजेता अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया तथा उन्हें मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही उनका उत्साहवर्धन भी किया गया तथा उन्हें परामर्श दिया गया कि वे आगे भी हिंदी प्रतियोगिताओं में ऐसे ही बढ-चढकर हिस्सा लेते रहें और राजभाषा के प्रयोग-प्रसार एवं अनुपालन की दिशा में उत्कृष्ट ढंग से कार्य करते रहें।

उक्त समारोह में श्रीकांत प्रे. चंद्रिकापुरे, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी व अपर मंडल रेल प्रबंधक (परि.) द्वारा भी विजेता रेल अधिकारियों एवं रेलकर्मियों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही उक्त समारोह में मंडल के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। समापन समारोह का संचालन गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिए जाने के पश्चात समारोह का समापन कर दिया गया। राजभाषा पखवाड़ा समारोह-2024 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के कुल 12 स्टेशन राजभाषा कार्यान्वहयन समितियों द्वारा बड़े जोश के साथ हिंदी दिवस-2024 को मनाया गया तथा रेलकर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में रेलकर्मियों ने प्रतिभाग किया। साथ ही उक्त अवसर पर समितियों के अध्यक्षों द्वारा रेलमंत्री के 'हिंदी दिवस संदेश' का वाचन किया गया तथा उनके द्वारा बड़ी संख्या में रेलकर्मियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवाई गई। इसके लिए मंडल रेल प्रबंधक द्वारा समितियों के अध्यक्षों, सचिवों एवं सदस्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई तथा उनका आह्वान किया गया कि वे आगे भी ऐसे ही पूरे उत्साह के साथ राजभाषा से संबंधित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को संपन्न करते रहें।

# 32 मर्तबा रक्तदान करने वाले रक्तवीर हुए सम्मानित

**डोंगरगढ़(दावा)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करने वाली संस्थाओं के सम्मान समारोह का आयोजन मेडिकल कॉलेज के आडिटोरियम में किया गया। जिसमें धर्मनगरी के 32 बार के रक्तवीर व नागसेन बुद्ध विहार यूथ डोंगरगढ़ के सदस्य प्रजेश सहारे एवं जिले के विभिन्न सेवाभावी संस्था सम्मानित हुई।**



10 वर्षों से कर रहे है रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियां को दूर करने युवाओं को प्रेरित

इस अवसर पर डॉ. कुजूर मैडम, डॉ. रिकू सर, ब्लड बैंक प्रभारी चुमेश साहू, प्रो. एचएस भाटिया, समाजसेवी फनेंद्र जैन, नागेश यदु, आदित्य आडतिया नवदृस्टि फाउंडेशन व अन्य सामाजिक संस्था के प्रमुख लोग मौजूद रहे। रक्तवीर प्रजेश सहारे को उसे वक्त बड़ा सदमा लगा जब वर्ष 2014 में एक दुर्घटना में घायल महिला की मृत्यु रक्त की कमी के कारण हुई थी। जिससे सीख लेते हुए 3 दोस्तों के साथ मिलाकर लगातार रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रयास करते रहे। वे अभी तक 32 बार रक्त दान कर चुके हैं। उनके माता-पिता,पत्नी व छोटा भाई दोस्तों का भी इस कार्य में सहयोग प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त हो रहा हैं। उनके द्वारा कोरोना काल व अन्य समय पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग के माध्यम से लगातार गांव व शहरों में अभी तक लगभग 2000 से अधिक जरूरत मंद लोगों की शिविरों व अस्पताल में जाकर मदद की। जिसमें नागसेन बुद्ध विहार यूथ डोंगरगढ़ व मुस्लिम यूथ संगठन, साहू समाज,सिख समाज के युवाओं व अन्य सामाजिक व छात्र युवा मंच का प्रमुख रूप से योगदान मिलता रहा है।

समाज में फैली रक्तदान के प्रति नकारात्मक सोच को बदलने के लिए रक्तदान को जनअभियान बनाने के लिए हर घर तिरंगा की तर्ज पर हर घर रक्तदाता की शुरुआत की गई। जिसमें अपने व अपने पूर्वजों के जन्मदिवस मृत्यु दिवस, विवाह, शादी की सालगिरह के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डोंगरगढ़ सहित अन्य ग्राम के सेवाभावी संस्थाओं का सहयोग मिला रहा है साथ ही लोगों द्वारा अब अपने विवाह व अन्य अवसरों के निमंत्रण कार्डों पर रक्तदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेश लिखे जाने की शुरुआत की ताकि समाज को रक्तदान के लिए जागरूक किया जा सके।

### शासन से मान्यता प्राप्त संस्थाओं में ही करें रक्तदान- प्रजेश

रक्तवीर प्रजेश सहारे द्वारा लगातार शासन से मान्यता प्राप्त संस्थाओं में रक्तदान करने के लिए अपील की गई व ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट कर एक्सचेंज ब्लड लेने की अपील की ताकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी और की मदद की जा सकें।

# कलेक्टर जनदर्शन बना आमजनों के लिए विश्वास का केंद्र



कलेक्टर की संवेदनशीलता से 4 साल से भटक रहे किसान को मिली बड़ी राहत, बी-1 नकल का लाभ

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में जिला कार्यालय में प्रति मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर जनदर्शन में जहां स्वयं बैठकर नागरिकों की समस्याएं सुनते हैं, वहीं जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हैं। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि नागरिकों की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता से सुने और समाधान करें। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन आम नागरिकों के लिए विश्वास का केंद्र बनता जा रहा है। आवेदन देने के उपरांत तत्काल उस पर अमल करते हुए समस्या से निजात दिलाने की दिशा में सार्थक कार्यवाही की जा रही है। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत भंसुला निवासी चंद्र प्रकाश बोरकर ने आज कलेक्टर दर्शन में आकर कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वह बी 1 नकल प्राप्त करने के लिए 4 साल से लगातार प्रयास कर रहा था। तकनीकी समस्या के चलते वह बी 1 नकल प्राप्त नहीं कर पा रहा था। उन्होंने बताया कि उसे पता चला कि कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देने पर तत्काल समस्या से निजात मिलता है। उन्होंने लगभग 15 दिन पूर्व कलेक्टर जनदर्शन में आकर बी 1 नकल प्राप्त करने संबंधी आवेदन प्रेषित किया था। उन्होंने बताया कि कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देने के तत्काल बाद उसे बी 1 नकल प्राप्त हो गया है और वह अब अपनी जमीन से संबंधित कार्यों को आसानी से कर पा रहा है। उन्होंने कलेक्टर एवं राजस्व अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि कलेक्टर जनदर्शन से जीवन में एक खुशहाली मनाने का मौका आया है।

**0 इजरायल पर ईरान का मिसाइल अटैक...**

गाजा में अन्य इजरायली हमलों में दो बच्चों समेत 23 लोग मारे गए हैं। फलस्तीनियों का कहना है कि इजरायली सेना हवाई हमलों के साथ ही भारी गोलाबारी कर रही है जिससे उनका जान बचाना मुश्किल हो रहा है। इजरायली सेना ने इन हमलों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने हिजबुल्लाह नेता सैयद हसन नसरल्लाह को इजरायली हमले में मारे जाने से कुछ दिन पहले लेबनान से भाग जाने की चेतावनी दी थी। 17 सितंबर को हिजबुल्लाह के पेजर पर हमले के तुरंत बाद, खामेनेई ने एक दूत के साथ एक संदेश भेजा जिसमें हिजबुल्लाह महासचिव से ईरान के लिए रवाना होने का अनुरोध किया गया था।

**0 कांग्रेस की न्याय यात्रा समापन....**

कोई क्षेत्र, शहर, गांव नहीं बचा है, जहां अपराध न ब? हो। सुदुर बस्तर में महिलाओं के बलात्कार होते है और एफआईआर नहीं होता। बलरामपुर में भाजपा के व्यापारी लूटे जा रहे है और अपराधी पकड़े नहीं जा रहे है। भिलाई में गोलिया चल रही है और चाकू बाजी हो रही हैं। राजधानी रायपुर में ऐसा कोई भी दिन नहीं है जिसमें चोरी, हत्या, डकैती और चाकू बाजी न हो। बिलासपुर न्यायधानी में एक मर्डर नही, दो मर्डर नहीं, तीन-तीन

## प्रथम पेज का शेष

मर्डर करने के बाद अपराधी पकडे नही जाते यह न्यायधानी की स्थिति है। आज पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था तार-तार हो गया है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध बहुत बढ़ गये है। लूट, हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी आये दिन हो रहे है। विष्णुदेव साय का कुशासन चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव का क्षेत्र जशपुर में रक्षाबंधन के दिन एक बहन का 9 लोगों ने मिलकर बलात्कार किया। कांग्रेस कमेटी के जांच दल को उस लड़की से मिलने नही दिया गया। यह विष्णुदेव सरकार का कुशासन है। पत्थलगांव में हत्या, चोरी हो रही सीतापुर, अंबिकापुर सभी जगह हत्याये हो रही है। बाबा गुरु घासीदास के स्तंभ को जलाया और काटा गया जिसने भी यह अन्याय किया है, हमने मांग किया सीबीआई जांच करवा लो लेकिन सरकार ने जांच नहीं कराया। भाजपा ने खुद अपनी पार्टी के लोगों से दंगा कराने की कोशिश की। कलेक्टर और एसपी ऑफिस जला दिये गये। जेल अंदर उन लोगों को बंद किया जो उसमें शामिल नहीं थे। विष्णुदेव कह रहे अपराध नही हो रहा है, तो नेशनल क्राइम की रिपोर्ट पढ़ना चाहिये कि छत्तीसगढ़ मे अपराध बढ़ रहे है और छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिये वातावरण सुरक्षित नही है।

**0 पीएम मोदी का हजारीबाग दौरा:**

इस दौरे के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री ने हजारीबाग के गांधी मैदान में बीजेपी की 'परिवर्तन यात्रा' की समापन रैली को संबोधित किया। यह यात्रा 76 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी और इसका उद्देश्य झारखंड में राजनीतिक बदलाव लाना है। इस मौके पर मोदी ने राज्य के विकास और जनजातीय सशक्तिकरण पर जोर दिया।

हजारीबाग का यह दौरा मोदी के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह चौथी बार है जब उन्होंने यहां से कोई प्रमुख राष्ट्रीय योजना शुरू की है। इससे पहले उन्होंने आयुष्मान भारत योजना (2018), किसान मानधन योजना (2019), और विकसित भारत संकल्प यात्रा (2023) का उद्घाटन भी झारखंड से किया था।

**0 बीते 10 सालों में कोटि-कोटि...**

प्रतियोगिता का आयोजन, सूखा व गीला कचरा की पहचान करने के लिए बताया गया। स्वच्छता को अपनाने के लिए घरों की दीवारों में स्लोगन लिखा गया। वहीं एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनसमुदाय को अपने घर, परिसर एवं परिवेश को स्वच्छ रखने का संदेश दिया जा रहा है। जिले में स्वच्छता के प्रति विशेष कार्य एवं प्रयास किए गए।

गौरतलब है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया। नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सोच लाने एवं सामूहिक रूप से अपने गांव व क्षेत्र को स्वच्छ रखने स्वच्छता ही सेवा अभियान का मनाया जा रहा है। इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 मनाया गया। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से प्रतिनिधिमण्डल इस कार्यक्रम में शामिल होने आएं। जिसमें कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम, जनपद, सफाई मित्र एवं स्वच्छता के लिए कार्य करने वाले प्रतिनिधि शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे का ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन, इसके साथ ही स्वच्छाग्राही व सफाई मित्र के योगदान की सराहना एवं प्रोत्साहन है। पिछले वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन में किये गये कार्यों व उपलब्धियों को एक उत्सव के रूप में मनाया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com

# आज धूमधाम से मनायी जायेगी अग्रसेन जयंती

राजनांदगांव (दावा)। अग्र कुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन जी की 5148वीं जयंती आज 3 अक्टूबर, गुरुवार को अग्रवाल समाज द्वारा श्रद्धापूर्वक, पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनायी जाएगी। अग्रसेन भवन में दोपहर 3:00 बजे आयोजित जयंती महोत्सव के मुख्य अतिथि नेतराम अग्रवाल समाजसेवी भिलाई होंगे। समारोह की अध्यक्षता सुनील शंकर लाल अग्रवाल समाज सेवी कामठी महाराष्ट्र करेंगे। मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि इसके पहले फूलों की माला बनाओ तथा आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता महिला मंडल द्वारा आयोजित की जाएगी। भगवान श्री अग्रसेन की पूजा अर्चना के साथ समारोह प्रारंभ होगा। अपने जीवन में संघर्ष से सफलता के अनथक प्रयास के साथ नारी गरिमा और अस्मिता की अनुकरणीय मिसाल स्थापित करने वाली

## शोभायात्रा निकलेगी, सम्मान एवं पदक वितरण होगा

राजनांदगांव की बेटी स्वर्गीय श्रीमती गीता देवी अग्रवाल की जीवंत तस्वीर का अनावरण अतिथियों द्वारा किया जाएगा। विवाह की स्वर्ण जयंती मनाने वाली दंपत्ति श्याम सुंदर पुष्पा देवी लोहिया एवं सत्यनारायण पुष्पा देवी अग्रवाल (गैंदाटोला वाले) का सम्मान किया जाएगा। इसी तरह अपने जीवन के सत्तर बरस पूर्ण करने वाले समाज के वरिष्ठ सदस्यों में सुरेश कुमार अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल लक्ष्मीचंद्र अग्रवाल एवं श्रीमती सावित्री देवी खोखरिया, श्रीमती चंद्रकला अग्रवाल तथा श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल का सम्मान किया जाएगा। अग्रवाल समाज के मेधावी विद्यार्थियों को रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। अंत में महाप्रसादी के साथ जयंती समारोह संपन्न होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल ने सभी अग्र बंधुओं से सपरिवार जयंती महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।


महाराज श्री अग्रसेन जी का दुर्लभ चित्र





